■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र


सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक - 18)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 05 जून ,2023



अमिताभ-जया बच्चन ने शादी की 50वीं सालगिराह मनाई

▶ घायलों को खून देने के लिए जुटा हुजूम: इंसानियत अभी जिंदा है

▶ ट्रेन हादसे पर क्षेत्रीय कार्यालय में हुई श्रद्धांजलि सभा

▶ मुस्लिम युवाओं को मौलाना शहाबुद्दीन की नसीहत

## न्यूज संक्षिप्त

### यमुना को प्रदूषण से बचाने के लिए लोगों ने नदी किनारे मानव श्रृंखला बनाई

नयी दिल्ली। यमुना को प्रदूषण से बचाने के लिए आम नागरिकों द्वारा शुरू की गई एक पहल के तहत रविवार सुबह बड़ी संख्या में लोग नदी के किनारे मानव श्रृंखला बनाने के लिए एकत्रित हुए। 'यमुना संसद' पहल के तहत लोगों ने आईटीओ, वजीराबाद, कालिंदीकुंज, गीता कॉलोनी और ओल्ड उस्मानपुर सहित कई जगहों पर मानव श्रृंखला बनाई तथा मलजल और औद्योगिक कचरे से दूषित नदी को बचाने की मांग की। इस अभियान में बड़ी संख्या में सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व संगठन सचिव गोविंदाचार्य, दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय और दिल्ली भाजपा के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा सहित कई राजनेता भी इस अभियान में शामिल हुए।

### ओडिशा ट्रेन हादसा - अन्य पार्टियां ना करें राजनीति: अनुराग

बालासोर जिले के बाहनगा बाजार में शुक्रवार को हुए रेल हादसे के बाद पटरियों की मरम्मत की जा रही है। एजेंसियां बुलडोजर और क्रेन की मदद से लगातार रूट को साफ करने में जुटी रही। शनिवार की रात भर रेल की पटरियों से रेलगाड़ियों के क्षतिग्रस्त डिब्बों को हटा दिया गया है। पटरियों की मरम्मत भी की जा रही है।इसी बीच भीषण ट्रेन हादसे को लेकर राजनीति जोर पकड़े हुए है। केंद्र सरकार की जमकर आलोचना हो रही है। ऐसे ही आलोचकों को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने करारा जवाब दिया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस तरह के मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। ऐसे मामलों का राजनीतिकरण करना सही नहीं है।

### कोर्ट ने मांगी सिसोदिया की पत्नी की मेडिकल रिपोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट ने शनिवार को एलएनजेपी अस्पताल से आप नेता मनीष सिसोदिया की बीमार पत्नी के स्वास्थ्य के बारे में रिपोर्ट मांगी। कोर्ट ने सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया। सिसोदिया की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा को बताया कि शुक्रवार को पारित अदालत के निर्देशों के अनुसार, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को उनकी पत्नी से मिलाने के लिए ले जाया गया, लेकिन उनके घर पहुंचने से पहले ही उनकी पत्नी की तबीयत खराब हो गई, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। माथुर ने सिसोदिया को अस्थायी आधार पर रिहा करने का अनुरोध किया और कहा कि वह अपनी बीमार पत्नी की देखभाल करने वाले एकमात्र व्यक्ति हैं।

### कुकी उग्रवादियों के हमले में 15 घायल

इंफाल। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के दो गांवों में शुक्रवार रात बम और हथियारों से लैस संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में 15 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि फयेंग और कांगचुप चिंगखोंग गांव में तैनात राज्य पुलिस व मणिपुर राइफल्स के जवानों ने जवाबी कार्रवाई की, जिससे दोनों पक्षों में मुठभेड़ छिड़ गई, जो चार घंटे से अधिक समय तक चली और उग्रवादी पास की पहाड़ियों की तरफ भाग गए। हमलों में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

अधिकारियों के अनुसार, मणिपुर पुलिस, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और असम राइफल्स की एक संयुक्त टीम ने काकचिंग जिले के सुगनू-सेरौ क्षेत्र से सात शव बरामद किए हैं।

# ओड़िशा रेल दुर्घटना इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में बदलाव से हुई : वैष्णव

भुवनेश्वर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ओड़िशा के बहानागा में रेल दुर्घटना इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में बदलाव के कारण हुई है। वैष्णव ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि दुर्घटना के कारण और इसके लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर ली गई है।उन्होंने कहा कि रेल हादसे की जांच पूरी हो चुकी है और रेल सुरक्षा आयोग जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगा।रेल मंत्री ने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।रेल दुर्घटना स्थल पर मरम्मत का काम तेज़ी से चल रहा है = ओडिशा के बहनागा रेलवे



स्टेशन पर तीन ट्रेनों की भीषण दुर्घटना में 288 लोगों की जान जाने और 900 से अधिक लोगों के घायल होने के बीच मौके पर मरम्मत का काम तेज़ी से चल रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दुर्घटनास्थल पर मौजूद हैं और व्यक्तिगत रूप से शनिवार से मरम्मत कार्य की निगरानी कर रहे हैं ।बुधवार सुबह तक ट्रेनों की आवाजाही को सामान्य करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मरम्मत कार्य में करीब एक हजार कर्मचारी लगे हुए हैं ।मोदी ने फोन पर पटनायक से ताजा स्थिति की ली जानकारी = प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेल दुर्घटना संकट के दौरान त्वरित और कुशल कार्रवाई के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को धन्यवाद दिया मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मोदी ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर केंद्र किसी भी तरह की सहायता देने को तैयार है ।प्रधानमंत्री ने संकट की इस घड़ी में जिस तरह के सहयोग और समय पर मदद के लिए ओडिशा के लोगों की भी प्रशंसा की।

## कवच को लागू करने की हुई मांग,सुप्रीम कोर्ट पहुंचा ओडिशा रेल हादसा मामला



ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार को हुए रेल हादसे की जांचकर्ता मानवीय त्रुटि, सिग्नल फेल होने और अन्य संभावित पहलुओं से जांच की जा रही है। इसी बीच ट्रेन एक्सीडेंट का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। विशाल तिवारी नाम के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में इस मामले के संबंध में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में कवच सिस्टम को जल्द लागू किए जाने को लेकर मांग की गई है ।बता दें कि कवच सिस्टम दुर्घटना से बचाने वाला सिस्टम है। इसके साथ ही मांग की गई है कि घटना की जांच के लिए पूर्व जज की निगरानी में आयोग का गठन किया जाए। वहीं रेलवे सुरक्षा को लेकर भी पूर्व जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाए जाने की मांग हुई है।

उन्होंने अस्पताल में कुछ घायलों से भी मुलाकात की। मोदी ने कहा, ''अपना दर्द बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। रेल हादसे के लिए दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।'' बालासोर जिले में शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने और एक मालगाड़ी से टकराने से यह हादसा हुआ। दोनों यात्री ट्रेन में करीब 2500 यात्री सवार थे। दुर्घटना में 21 डिब्बे पटरी से उतर गए और गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे सैकड़ों यात्री फंस गए। दोनों यात्री रेलगाड़ियां तीव्र गति से चल रही थीं और विशेषज्ञों ने इसे हताहतों की अधिक संख्या के मुख्य कारणों में से एक बताया है। रेल हादसे के बाद करीब 90 ट्रेन को रद्द किया गया है जबकि 46 ट्रेन के मार्ग में परिवर्तन किया गया।

## बालासोर में हुए हादसे को सांप्रदायिक रंग देने को रही कोशिश



भुवनेश्वर। ओडिशा में हुए भीषण ट्रेन एक्सीडेंट के बाद ओडिशा पुलिस ने नई चेतावनी जारी की है। ओडिशा पुलिस ने रविवार को समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे बालासोर ट्रेन हादसे को सांप्रदायिक रंग ना दे। पुलिस ने अपील की है कि हादसे को सांप्रदायिक रंग देने वाली अफवाहों को फैलाने से बचें। पुलिस ने यह भी कहा कि अफवाह फैलाकर सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार की शाम 6.55 बजे हुए इस एक्सीडेंट में अबतक 275 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं हजारों लोग अब भी घायल अवस्था में अस्पतालों में इलाज करा रहे है ।ओडिशा पुलिस ने ट्विटर पर कहा, यह देखने में आया है कि कुछ सोशल मीडिया हैंडल शरारती तरीके से बालासोर में हुए दुखद ट्रेन हादसे को सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इसने कहा, हम सभी से अपील करते हैं कि वे इस तरह के झूठे और दुर्भावनापूर्ण पोस्ट को प्रसारित करने से बचें। अफवाहें फैलाकर सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। सोशल मीडिया संदेशों में कुछ ऐसे संदेश भी दिखे जिनमें घटनास्थल के पास स्थित एक ढांचे को एक विशेष समुदाय से जोड़ा गया, जिसकी कई अन्य लोगों ने निंदा की है।

गौरतलब है कि बालासोर के बाहानगा बाजार स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस शुक्रवार शाम करीब सात बजे एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी, जिससे इसके अधिकतर डिब्बे पटरी से उतर गए। कोरोमंडल एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे उसी समय वहां से गुजर रही बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस के कुछ पिछले डिब्बों पर पलट गए। इस दुर्घटना में कम से कम 275 यात्रियों की मौत हो गई और 1100 से अधिक यात्री घायल हुए हैं।

रेलवे बोर्ड की सदस्य जया वर्मा सिन्हा ने रविवार को इस घटना को लेकर बड़ी जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि इस भीषण ट्रेन हादसे में तीन ट्रेनों की टक्कर नहीं हुई है बल्कि एक ही ट्रेन की टक्कर हुई है। इस दौरान सिर्फ कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन ही हादसे का शिकार हुई है। बता दें कि शुक्रवार को शाम 6.55 मिनट पर इस ट्रेन का हादसा हुआ है जहां बहानागा स्टेशन पर चार लाइनें है। इनमें दो मेन लाइनें है। जानकारी के मुताबिक लूप लाइन पर मालगाड़ी खड़ी थी। स्टेशन पर ड्राइवर को ग्रीन सिग्नल दिया गया था। दोनों गाड़ियों की गति अपनी पूरी थी। शुरुआती जांच में संभावना है कि सिग्नल में गड़बड़ी के कारण ये घटना हुई है।

## बारासोर ट्रेन हादसे को लेकर तृणमूल कांग्रेस, भाजपा में आरोप प्रत्यारोप



कोलकाता। ओडिशा के बालासोर में ट्रेन दुर्घटना को लेकर तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में जुबानी जंग रविवार को तेज हो गयी। तृणमूल कांग्रेस ने जहां रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा, वहीं भाजपा ने याद दिलाया कि ममता बनर्जी के रेल मंत्री रहते हुए भी ट्रेन दुर्घटनाएं हुई थीं। तृणमूल के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने रविवार को ट्वीट किया कि बालासोर ट्रेन हादसा बताता है कि टक्कर रोधी उपकरणों को ट्रेनों में नहीं लगाया गया था और इनकी तुलना रेल भवन में बनर्जी के कार्यकाल में हुई दुर्घटनाओं से नहीं की जा सकती है। घोष ने ट्वीट किया, ''बालासोर ट्रेन दुर्घटना को ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए। बालासोर ट्रेन दुर्घटना टक्कर-रोधी उपकरणों की कमी को उजागर करती है, जबकि ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस हादसे में नक्सली गतिविधियां शामिल थीं, जो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सक्रिय उपायों और रणनीतिक दृष्टिकोण के कारण अब अतीत की बात हो चुकी है।'' तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को वैष्णव के इस्तीफे की मांग की थी, जिससे नाराज भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने अपने ट्विटर हैंडल पर पलटवार किया था, ''पिशी (बुआ) एक ट्रेन दुर्घटना के बाद रेल मंत्री के रूप में=-'' कभी कभी काम करने से मानव त्रुटि हो जाता है''... जो लोग कांच के घरों में रहते हैं उन्हें पत्थर नहीं फेंकना चाहिए और यहां आप अपने कांच के घर के अंदर से पत्थर फेंक रहे हैं।''

शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हुईं और उचित जांच की मांग की। बनर्जी पूर्व में रेल मंत्री रह चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने संवाददाताओं से कहा, ''यह इस सदी की सबसे बड़ी ट्रेन दुर्घटना है और इसकी उचित जांच होनी चाहिए।'' बनर्जी ने कहा, ''इसके पीछे कुछ न कुछ कारण है। सच्चाई सामने आनी चाहिए। टक्कर-रोधी प्रणाली काम क्यों नहीं करती?'' रेलवे ने कहा है कि ''कवच'' (स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली) उस मार्ग पर उपलब्ध नहीं थी, जहां शुक्रवार शाम को दुर्घटना हुई थी।

बहरहाल भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि घटना की जांच से सच सामने आ जाएगा।

## हादसे में अनाथ हुए बच्चों की स्कूली शिक्षा की जिम्मेदारी अदाणी समूह उठायेगा



नयी दिल्ली। भारत के इतिहास की सबसे बड़ी रेल दुर्घटनाओं में शुमार बालासोर ट्रेन हादसे में 275 लोगों की दर्दनाक मौत हुई है। इस बीच, अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने हादसे में अनाथ हुए बच्चों की मदद के संबंध में बड़ा एलान किया है। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा है कि बालासोर रेल हादसे में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों की स्कूली शिक्षा की जिम्मेदारी अदाणी समूह लेगा।

## केंद्रीय मंत्री समेत कई विधायकों को ले जा रही इंडिगो फ्लाइट की हुई इमरजेंसी लैंडिंग, मचा हड़कंप

इस फ्लाइट में तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्यमंत्री रामेश्वर तेली के अलावा भाजपा के दो अन्य विधायक भी यात्रा कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक जैसे ही फ्लाइट को गुवहाटी में लैंड करवाया गया वैसे ही फ्लाइट में बैठे सभी यात्रियों को बाहर निकाल दिया गया। यात्रियों को सकुश बाहर निकालने के बाद प्लेन को जांच के लिए भेज दिया गया है ।जानकारी के मुताबिक इस फ्लाइट ने चार जून की सुबह आठ बजकर 40 मिनट पर उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के 20 मिनट के बाद ही प्लेन में तकनीकी गड़बड़ी की जानकारी मिली। इसके बाद इसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस प्लेन में कुल 150 यात्री यात्रा कर रहे थे। विमान से बाहर आने के बाद मंत्री रामेश्वर तेली ने बताया कि विमान लगभग 20 मिनट तक उड़ा। इसके बाद इसमें तकनीकी खराबी का पता चला और इसे गुवाहाटी के एयरपोर्ट पर उतारा गया। सभी यात्री सुरक्षित है ।इसके बाद बीजेपी विधायक ने जानकारी दी कि उड़ान भरने के दौरान फ्लाइट में किसी तरह की परेशानी नहीं थी, लेकिन 20 मिनट बाद विमान वापस गुवाहाटी लौटा और एलजीबीआई हवाईअड्डे पर उतरा। हमें एयरलाइंस के कर्मचारियों द्वारा सूचित किया गया है कि विमान में एक तकनीकी समस्या थी, जिसके कारण पायलटों को विमान वापस करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## मूर्तियां गिरने की न्यायिक जांच के लिए अदालत जाएगी कांग्रेस



भोपाल। उज्जैन के महाकाल लोक गलियारे में लगी सप्तऋषि की मूर्तियों में से छह मूर्तियां गिरने की घटना की न्यायिक जांच के लिए कांग्रेस मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। पार्टी के एक नेता ने रविवार को यह जानकारी दी। उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के पास गलियारे में 28 मई को तेज हवाएं चलने के कारण सप्तऋषि की छह मूर्तियां गिर गई थीं। मध्य प्रदेश लोकायुक्त पुलिस के एक तकनीकी दल ने शनिवार को घटना की जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने पीटीआई/को बताया, ''हम उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए याचिका के साथ तैयार हैं। इसे वरिष्ठ अधिवक्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए भेजा गया है। पूरी संभावना है कि हम आने वाले सप्ताह में याचिका दायर कर देंगे।'उन्होंने कहा कि वह वर्तमान न्यायाधीश से घटना की न्यायिक जांच का अनुरोध करेंगे। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पार्टी प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार को निशाने पर लेगी। भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने तंज कसा कि इस सरकार ने ''भगवान को भी नहीं बख्शा है।'' नेता ने आरोप लगाया कि इस घटना से करोड़ों रुपये की लागत से बने गलियारे में मूर्तियों की स्थापना और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की बू आती है। गौरतलब है कि महाकाल लोक कॉरिडोर के पहले चरण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल अक्टूबर में किया था। गलियारे के निर्माण की कुल लागत 856 करोड़ रुपये है, जिसमें पहले चरण में 351 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं ।गौरतलब है कि मूर्तियां गिरने की 28 मई को हुई घटना के बाद मध्य प्रदेश में कांग्रेस के प्रमुख कमलनाथ ने घटिया निर्माण की जांच की मांग की थी जबकि उनके सहयोगी अरुण यादव ने भाजपा सरकार को यह कहते हुए फटकार लगाई कि उसका ''भ्रष्टाचार भगवान को भी नहीं छोड़ रहा है।'' मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने कांग्रेस द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार किया है और इस घटना के लिए तेज हवाओं को जिम्मेदार बताया। एक अधिकारी ने कहा कि मध्य प्रदेश लोकायुक्त (भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल) ने घटना पर स्वतः संज्ञान लिया है और अपनी तकनीकी शाखा से इसकी जांच करने को कहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल अक्टूबर महीने 900 मीटर लंबे श्री महाकाल लोक गलियारे के पहले चरण का लोकार्पण किया था। 900 मीटर से अधिक लंबा 'महाकाल लोक' गलियारा पुरानी रुद्र सागर झील के चारों और फैला हुआ है। उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के आसपास के क्षेत्र को पुनर्विकास करने की परियोजना के तहत रुद्र सागर झील को पुनर्जीवित किया गया है। गलियारे के लिए दो भव्य प्रवेश द्वार-नंदी द्वार और पिनाकी द्वार बनाए गए हैं। यह गलियारा मंदिर के प्रवेश द्वार तक जाता है तथा मार्ग में मनोरम दृश्य पेश करता है। महाकाल मंदिर के नवनिर्मित गलियारे में 108 स्तंभ बनाए गए हैं।

## भारत की जनता भाजपा को हराने जा रही है: राहुल गांधी

न्यूयॉर्क। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उनकी पार्टी तेलंगाना और अन्य राज्यों के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का ''सफाया'' कर देगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही नहीं, बल्कि भारत के लोग भी भाजपा की नफरत से भरी विचारधारा को हराने जा रहे हैं। राहुल ने कहा, ''हमने कर्नाटक में दिखा दिया कि हम भाजपा को हरा सकते हैं. हमने उन्हें हराया नहीं, उनका सफाया कर दिया। हमने कर्नाटक में उन्हें बुरी तरह से शिकस्त दी।'' राहुल वाशिंगटन और सैन फ्रांसिस्को की यात्रा के बाद न्यूयॉर्क पहुंचे हैं और वह रविवार को मैनहट्टन के जेविट्स



सेंटर में एक सामुदायिक रैली को संबोधित करेंगे।

उन्होंने कहा, ''कर्नाटक चुनाव में भाजपा ने हर पैंतरा आजमाया। उनके साथ पूरा मीडिया था। हमारे पास जितना पैसा था, उससे 10 गुना पैसा उनके पास था, उनके पास सरकार थी, उनके पास एजेंसी थी। उनके पास सबकुछ था, लेकिन फिर भी हमने उनका सफाया कर दिया।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों के नारों और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, ''...और मैं चाहता हूं कि आप यह जान लें कि हम तेलंगाना में होने वाले अगले चुनाव में भी उनका सफाया करने जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''इस चुनाव के बाद तेलंगाना में भाजपा को ढूंढ़ पाना भी मुश्किल होगा।'' दक्षिण भारत के इस राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाला है। सामुदायिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक, पार्टी सदस्य, अधिकारी और प्रवासी समुदाय के सदस्य एकत्र हुए, जिनमें न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स भी शामिल थे।

राहुल ने कहा, ''तेलंगाना के अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी चुनाव होने हैं। हम इन राज्यों में उनके (भाजपा के) साथ वही करेंगे, जो हमने कर्नाटक में किया।'' उन्होंने कहा, ''सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही नहीं है, जो भाजपा को हराने जा रही है। भारत के लोग, मध्य प्रदेश के लोग, तेलंगाना के लोग, राजस्थान-छत्तीसगढ़ के लोग भाजपा को हराने जा रहे हैं।''

## संपादकीय

### रिश्तों में गर्मजोशी

पिछले साल के अंत में जब नेपाल की राजनीति में हुए नाटकीय घटनाक्रम के बाद कम्युनिस्ट नेता पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो कयास लगाये जा रहे थे कि अब नेपाल पूरी तरह चीन के प्रभाव में जा सकता है। इसकी वजह लंबे समय से भारत के खिलाफ नेपाल से चलाया जा रहा अभियान भी था। अब जब प्रचंड ने प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के रूप में भारत को चुना तो कई आशंकाओं पर विराम लगा। फिर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जिस गर्मजोशी से उनकी मुलाकात हुई और महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया, उससे दोनों देशों के रिश्ते फिर से पटरी पर आते दिखे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस मुलाकात में सीमा विवाद और अग्निवीर जैसे विवादास्पद विषयों से परहेज किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी का बयान कि दोनों देश अपने संबंधों को हिमालय की ऊंचाई तक ले जाएंगे, भविष्य को लेकर नई उम्मीद जगाता है। कहना अतिरंजित होगा कि दोनों देशों के रिश्ते इस यात्रा से हिट-सुपरहिट हो गये, लेकिन रिश्तों में जमी अविश्वास की बर्फ किसी हद तक पिघली जरूर है। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच ऊर्जा, व्यापार व परिवहन को लेकर हुए समझौते नई उम्मीद जगाते हैं। निस्संदेह, भारत व नेपाल के बीच सदियों से सामाजिक, आर्थिक व समृद्ध सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। कहा जा सकता है कि दोनों देशों में रोटी-बेटी का रिश्ता रहा है। प्रचंड की हालिया भारत यात्रा के दौरान हुए महत्वपूर्ण समझौतों ने उन्हीं संबंधों को नये सिरे से ऊर्जा प्रदान की है। जो निश्चित रूप से द्विपक्षीय रिश्तों को नये आयाम देगी। निश्चय ही कुछ समय से रिश्तों में चली आ रही तल्खी पर अब विराम लग सकेगा। नेपाल के साथ भारत की लंबी सीमा लगती है और देश के पांच राज्य उससे प्रभावित होते हैं। कुछ राजनीतिक पंडित इस गर्मजोशी के मूल में नेपाल से सटे राज्यों में आगामी आम चुनाव में लाभ लेने की मंशा भी जताते हैं। बहरहाल, दक्षिण एशिया में शांति के दृष्टिगत दोनों देशों के मधुर संबंध वक्त की जरूरत भी हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में आई खटास को दूर करना भी बेहद जरूरी था क्योंकि चीन इस स्थिति का लाभ उठाने का कोई मौका नहीं चूकना चाहता है। वह नेपाल की अंदरूनी राजनीति में लगातार हस्तक्षेप करता रहा है। उसकी शह पर ही नेपाल में यह कुप्रचार किया जाता रहा है कि भारत उसके कई इलाकों पर कब्जा करना चाहता है। वहीं दूसरी ओर कई विकास परियोजनाओं में चीन की लगातार बढ़ती भागीदारी भी भारत की चिंता का विषय रहा है। बहरहाल, मतभेद व मनभेद को दूर करके आपसी सामंजस्य व सौहार्द के जरिये दोनों देशों में रिश्ते मजबूत करने के हालिया प्रयासों के दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। निश्चय ही संवाद से ही दोनों देशों के संबंध बेहतर हो सकते हैं। साथ ही क्षेत्र में समृद्धि और शांति की राह प्रशस्त हो सकती है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि विशिष्ट भौगोलिक स्थिति के चलते नेपाल में पन बिजली उत्पादन की अपार संभावनाओं के मद्देनजर भारत ने नई परियोजनाओं में सहयोग का वायदा किया है। भारत ने केवल नेपाल से बिजली खरीद रहा है बल्कि नेपाली विदेश नीति को संबल के लिये देश के माध्यम से बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति में सहयोग भी करेगा।

# फर्ज पर भारी मुनाफा मोह से बढ़ते मर्ज

**कई साल पहले अमेरिका में रहने वाले एक भारतीय युवा को रात में पेट दर्द हुआ। अगली सुबह डाक्टर ने बहुत से टेस्ट्स लिखे। टेस्ट्स की रिपोर्ट लेकर वह फिर डाक्टर के पास पहुंचा। डाक्टर को रिपोर्ट्स से कुछ समझ में नहीं आया तो उसने फिर टेस्ट्स लिखे। ऐसा कई दिन तक होता रहा। लड़का पेट दर्द से परेशान था। रह-रहकर दर्द हो रहा था। लड़के ने तंग आकर डाक्टर से पूछा कि आखिर उसे क्या लग रहा है। किस कारण से दर्द हो रहा है। डाक्टर ने कुछ झिझकते हुए कहा कि वह किसी तरह के कैंसर का शक कर रहा है। लड़का घबरा गया। घर वापस आकर सोचने लगा कि क्या करे। बूढ़े माता-पिता को यह खबर मिलेगी, तो उन पर क्या गुजरेगी। लेकिन क्या करता। अंत में उसने अपनी मां को पेट दर्द के बारे में बताया। मां ने कहा कि नीबू पानी में काला नमक और भुना जीरा डालकर दो-तीन दिन तक दिन में कई बार पिए और खाने में खिचड़ी, दलिया ही खाए।**



कई माह पहले की बात है। सोसायटी के पार्क में बैठी थी। सर्दी के कारण धूप भी बहुत अच्छी लग रही थी। कि तभी एक परिचित महिला आ गई। उनके साथ उनकी युवा बेटी भी थी। बेटी तो घर चली गई, महिला पास ही बैठ गई। पता चला कि बेटी को डाक्टर को दिखाकर आ रही हैं। क्या हुआ पूछने पर माथे पर हाथ मारकर बोलीं-क्या बताऊं, अगर इसके सिर में दर्द हो जाए, एक छींक भी आ जाए तो पूरे घर को सिर पर उठा लेती है। फौरन डाक्टर के पास जाने को कहती है। पिछले दिनों खांसी हुई थी तो मैंने कहा शहद, काली मिर्च, अदरक दे देती हूं, खांसी-जुकाम ठीक हो जाता है, मैं बचपन से खाती आ रही हूं, मगर नहीं मानी। कहने लगी अगर तुम्हारे इलाज से ही सब ठीक हो जाएं तो डाक्टर तो अपनी प्रैक्टिस छोड़कर घर बैठ जाएं। तुम ही डाक्टर बन जाओ। मुझे नहीं खाना शहद, अदरक। डाक्टर के पास चलो। डाक्टर के पास ले गई। वहां ऐसी दवा मिली कि खांसी सूख गई वह और परेशान है। कहती है कि पता नहीं मुझे क्या हो गया है। रात-रात भर खांसती है। कहती है कि अगर दो दिन में ठीक नहीं हुई तो अस्पताल में दाखिल हो जाएगी। डाक्टर ने दवा बदली है, मगर यह इलाज को भी टू मिनट नूडल समझती है कि इधर गोली खाए और उधर एकदम से ठीक हो जाए। ऐसा भी कहीं होता है। डाक्टर के पास कोई जादू थोड़े ही है। दवा को भी असर करने में वक्त लगता है। इस जेनरेशन में अधिकांश युवाओं का यही हाल है। मामूली चीजों के लिए भी किसी इमरजेंसी की तरह डाक्टर के पास भागते हैं, जबकि बहुत-सी चीजें घरेलू ढंग से भी ठीक हो सकती हैं।

मैंने कहा-हां, यूरोप और अमेरिका में तो बुखार के लिए भी बहुत से डाक्टर दवा तक नहीं देते। कहते हैं कि घर जाकर आराम करो। अपने आप ठीक हो जाएंगे। जबकि अपने यहां हर जगह यही सलाह दी जाती है कि जल्दी से जल्दी डाक्टर के पास जाएं। कई बार डाक्टर भी ऐसे मरीजों से तंग आ जाते हैं। फिर गम्भीर बीमारियों को लेकर दुनियाभर में डर इतना ज्यादा है कि लगता है कि कहीं कोई फोड़ा हो जाए, कोई गिल्टी हो जाए, कहीं से खून निकलने लगे तो पहला खयाल यही आता है कि कहीं कैंसर तो नहीं है।

कई साल पहले अमेरिका में रहने वाले एक भारतीय युवा को रात में पेट दर्द हुआ। अगली सुबह डाक्टर ने बहुत से टेस्ट्स लिखे। टेस्ट्स की रिपोर्ट लेकर वह फिर डाक्टर के पास पहुंचा। डाक्टर को रिपोर्ट्स से कुछ समझ में नहीं आया तो उसने फिर टेस्ट्स लिखे। ऐसा कई दिन तक होता रहा। लड़का पेट दर्द से परेशान था। रह-रहकर दर्द हो रहा था। लड़के ने तंग आकर डाक्टर से पूछा कि आखिर उसे क्या लग रहा है। किस कारण से दर्द हो रहा है। डाक्टर ने कुछ झिझकते हुए कहा कि वह किसी तरह के कैंसर का शक कर रहा है। लड़का घबरा गया। घर वापस आकर सोचने लगा कि क्या करे। बूढ़े माता-पिता को यह खबर मिलेगी, तो उन पर क्या गुजरेगी। लेकिन क्या करता। अंत में उसने अपनी मां को पेट दर्द के बारे में बताया। मां ने कहा कि नीबू पानी में काला नमक और भुना जीरा डालकर दो-तीन दिन तक दिन में कई बार पिए और खाने में खिचड़ी, दलिया ही खाए।

युवा ने मां के बताए करना शुरू किया और आश्चर्य उसका पेट दर्द ठीक हो गया, लेकिन अभी असली किस्सा बाकी था। जिस डाक्टर से इलाज कराया था और जिस लैब से टेस्ट्स, वहां का बिल आया, इक्कीस हजार डालर। जो रोग मामूली-सा था, काले नमक और नीबू पानी और खान-पान में परहेज से ठीक हो गया, उसके लिए युवा को इतनी बड़ी रकम चुकानी पड़ी।

यह हर बात पर जो इमरजेंसी और भयंकर रोग लगता है हो सकता है कि वह कुछ न हो जैसा कि उस युवक के साथ हुआ फिर भी भारी-भरकम रकम चुकानी पड़ी। क्योंकि पूरे विश्व में मेडिकल सेक्टर आजकल समाज सेवा नहीं पैसा कमाने का धंधा है।हालांकि आज भी अपने देश में ऐसे बहुत से डाक्टर्स हैं जो बहुत मामूली फीस में इलाज करते हैं। अपने मरीजों की परवाह करते हैं। जरूरत से ज्यादा टेस्ट्स नहीं कराते। मरीजों की बात भी सुनते हैं। लेकिन अक्सर ये परिदृश्य से गायब रहते हैं। इनकी चर्चा करने की जरूरत भी कोई नहीं समझता। अक्सर मीडिया में भी ब्रांड वाले महंगे डाक्टर्स की चर्चा होती है। युवा किसी बीमारी में इन्हीं से समय मिलने की चाहत रखते हैं। फिर युवाओं में एक असुरक्षा की भावना भी होती है जो छोटी-मोटी तकलीफों में भी डाक्टर के पास जाना चाहते हैं।कारण यह भी है कि जहां काम करते हैं, वहां भी बीमारी को किसी आफत की तरह देखा जाता है। अगर बीमारी की बात तक करें तो कह दिया जाता है कि यार बीमार ही पड़ते रहोगे तो नौकरी कैसे करोगे। कोई बीमारी की ज्यादा छुट्टी ले, तो उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। इसलिए वे जल्दी से जल्दी ठीक होना चाहते हैं। इसीलिए जरा से जुकाम-खांसी को भी वे कोई खतरनाक बीमारी समझते हैं। जबकि बहुत-सी बीमारियों में घरेलू इलाज और उपाय भी बहुत कारगर होते हैं।

पहले कहा जाता था कि साल में एक बार पूरे शरीर का चैकअप करा लेना चाहिए।

मुझे नहीं खाना शहद, अदरक। डाक्टर के पास चलो। डाक्टर के पास ले गई। वहां ऐसी दवा मिली कि खांसी सूख गई।वह और परेशान है। कहती है कि पता नहीं मुझे क्या हो गया है। रात-रात भर खांसती है। कहती है कि अगर दो दिन में ठीक नहीं हुई तो अस्पताल में दाखिल हो जाएगी। डाक्टर ने दवा बदली है, मगर यह इलाज को भी टू मिनट नूडल समझती है कि इधर गोली खाए और उधर एकदम से ठीक हो जाए। ऐसा भी कहीं होता है। डाक्टर के पास कोई जादू थोड़े ही है। दवा को भी असर करने में वक्त लगता है।

फिर कहा गया कि छह महीने में और अब तीन ही महीने में। हम जानते हैं कि इस तरह के टेस्ट्स में बहुत-सी पैथ लैब्स और बहुत से डाक्टरों की क्या भूमिका होती है। डाक्टर, पैथ लैब और दवा बनाने वाली कम्पनियों का ऐसा माफिया तैयार हो गया है कि हर बात पर भारी-भरकम कमीशन बंधा होता है। कई बार दवाएं और टेस्ट्स इतने महंगे होते हैं कि उन्हें साल भर में भी कोई मुश्किल से करा सकता है, तीन महीने की तो बात ही क्या है। ऐसे में उस साधनहीन के बारे में कौन सोचे जिसके पास दिहाड़ी के काम हैं। जो दो वक्त की रोटी भी मुश्किल से जुटाता है, ऐसे में बीमार पड़े और कोई ऐसी बीमारी घेर ले जिसमें महंगी दवाएं, डाक्टर की महंगी फीस और महंगे टेस्ट्स कराने पड़ें तो भगवान मालिक है।

इसके अलावा कई बार रिपोर्ट्स गलत होती हैं, वह रोग होता ही नहीं जिसका इलाज किया जाता है और आदमी दुर्गति में फंसता है। इलाज के जरिए लूट के किस्से आम हो चले हैं। मनुष्य ऐसे जंजाल में फंसा है कि निकलना मुश्किल है। कौन है जो उसकी सुन भर ले। कई बार तो होता यह है कि डाक्टर मरीज की बात सुनना ही नहीं चाहते। वह दवाएं और टेस्ट्स पहले लिखने लगते हैं। रोग पकड़ में नहीं आता तो टेस्ट्स पर टेस्ट्स होते हैं। पैसा कितना खर्च होता है, इसका हिसाब भी नहीं।

# देश में रेल दुर्घटनाएं रेलवे के स्तरहीन सेवा और लापरवाही ..!

उड़ीसा के बालासोर में हुए भयंकर रेल दुर्घटना के बाद रेलवे विभाग नीद से जाग चुका होगा ।फिलहाल ऐसे विभत्स घटनाएं जब भी इतिहास से वर्तमान में दोहराई जाती है लोग केवल सहानुभूति देते और रेल मंत्री का इस्तीफा मांगते दिखाई पड़ते है ।उक्त दुर्घटना में मृतकों के प्रति मैं भी घोर संवेदना व्यक्त करता हूं किंतु साथ ही साथ यह भी कहूंगा की ऐसी दुर्घटनाएं केवल और केवल लचर व्यवस्था का परिणाम है जिसके ज़िम्मेदार रेलवे के गैर जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी और हम आप स्वयं है ।जब भी हम रेलवे से संबंधित कोई शिकायत रेलवे विभाग से करते है तो केवल लिपापोती मिलती है ।सबसे ज्यादा आतंक तो टिकट काउंटर पर बैठने वाले बाबुओं का है जो यात्रियों से सीधे मुंह बात तक नहीं करते और उलूल जुलूल तर्क देते है इनकी शिकायत भी विभाग अनसुनी करके इनका मन बढ़ाता चला गया ।रेलवे विभाग को देश की जनता वसूली विभाग कहता है क्युकी सबसे अधिक वसूली ट्रेन के डिब्बों में गरीब यात्रियों से होती है ।फिलहाल बालासोर दुर्घटना मानवीय लापरवाही का परिणाम है जिसमे सैकड़ों लोगों ने अपने नजदीकी खो दिए और कई घायल अस्पताल में कराह रहें ।ऐसे भयानक दर्दनाक हादसे मनुष्य को यह सीख देने के लिए काफी है बढ़ते टेक्नोलॉजी का धुआधार प्रयोग मानव समाज के लिए अतिघातक है। मुंबई रेल ओवर ब्रिज , वाराणसी ओवर ब्रिज, मोरबी बृज इत्यादि की घटना दहलाने वाली रही यह सभी भी मानवीय भूल थी ।तीस वर्ष से देख रहा हूं कि जब भी रेल बजट का समय आता है तो स्थानीय जनपदों की लोकल रेल की समस्याओं को दरकिनार कर दिया जाता है और केवल बजट आंकड़े को काफी ज़ोर शोर से उभारा जाता है ।इसके बाद भी महत्वपूर्ण जगह का ओवर ब्रिज अनदेखा रह जाता है। विपक्ष अमेरिका पहुंचा कर, अश्वनी वैष्णव उड़ीसा पहुंच कर ट्वीटर पर वाहवाही तो ले ली मगर मूल काम के बारे में लगता है सब ज़ीरो रहे। तभी विदेश में बैठे राहुल गांधी अब तक नए नए लक्ष्यों का एलान कर रहे हैं वही जैसे बहुप्रचारित बहुप्रशंसित मीडिया अब केवल



पंकज कुमार मिश्रा ( जौनपुर )

**जब भी हम रेलवे से संबंधित कोई शिकायत रेलवे विभाग से करते है तो केवल लिपापोती मिलती है। सबसे ज्यादा आतंक तो टिकट काउंटर पर बैठने वाले बाबुओं का है जो यात्रियों से सीधे मुंह बात तक नहीं करते और उलूल जुलूल तर्क देते है इनकी शिकायत भी विभाग अनसुनी करके इनका मन बढ़ता चला गया।**

रेल मंत्री के इस्तीफे का शो चलाएगी । कुछ करते तो हो नहीं बस मौका देखकर राजनीतिक पैतरेबाजी शुरू करने में माहिर हो झूठे पत्तलकारों। ऐसा नहीं कि लोग चुप है, इसी फरवरी में कुछ लोगों ने ट्वीट कर बिगड़ते रेल व्यवस्था के प्रति और अन्य ख़तरे के प्रति आगाह किया था। पहले भी हमारे जनपद में फुटओवर ब्रिज को लेकर सवाल पूछे गए थे ।इन्हें पहले आश्वासन मिला था कि कई नए ब्रिज बनेंगे ।इस एक साल में मंजूरी के बाद भी टेंडर नहीं निकला यानी काम शुरू नहीं हुआ। सरकार किसी की भी हो, चाल वही है ।विपक्षी मंत्रियों ने भी जवाबदेही का नया तरीका निकाल लिया है। नया स्लोगन रचो, नया ईवेंट करो विरोध करो इस्तीफा मांगो प्रोपोगैंडा फैलाओं। इस दुर्घटना ने उजागर किया है कि हमारी बुनियादी प्राथमिकताएं पुकार रही हैं। चीख रही हैं। एक लाख करोड़ के बुलेट ट्रेन से सीमित फायदा होगा। वह मेले का सामान है। बाकी सबके अपने अपने विचार हैं। रेल मंत्रालय को पहले की सभी उच्च स्तरिय जांच कमेटियों की रिपोर्ट सार्वजनिक कर देनी चाहिए। ऐसे हादसों पर विपक्ष लाशों की राजनीति करके उसके नाम पर वोट भी बटोरेगी ।यही हाल रेलवे सेक्टर के बाद टेलिकाम कंपनियां का भी है , स्पेक्ट्रम की नीलामी का पैसा अब 10 साल की जगह 16 साल में चुकाएंगी। देर से चुकाने पर जुर्माने की दर भी कम कर दी गई है। फिर भी टेलिकाम कंपनियां संतुष्ट नहीं हैं। रिलायंस जीओ आने के बाद इस सेक्टर में जो तबाही मची है उससे बाकी सारा सेक्टर और तेज़ रफ़्तार से ढहने लगा है। इस सेक्टर में काफी नौकरियां मिलती थीं। मगर अब यहां नौकरियां जा रही हैं, मिल नहीं रही हैं। टेलिकाम सेक्टर भी पांच लाख करोड़ के कर्ज़ के बोझ से दबा है ।बालेश्वर जिले के बाहानागा बाजार स्टेशन के पनपना के पास ,यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस (12864) शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस (12841) के बेपटरी होने और मालगाड़ी से टकराने से यह हादसा हुआ ।कोरोमंडल ट्रेन के बोगी नंबर बी2 से बी9, ए1 से ए2, बी1 और इंजन हादसे का शिकार हुए हैं, वहीं ट्रेन नंबर 12864 (यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस) की एक जनरल बोगी को नुक़सान पहुंचा है. जनरल बोगी और बोगी नंबर 2 पीछे की तरफ से पटरी से उतरी हैं ।रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया कि बहनागा बाज़ार रेलवे स्टेशन से गुज़रते हुए शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए. ये डिब्बे साथ के ट्रैक से गुज़र रही हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन से जा टकराए. इसके बाद हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के भी तीन डिब्बे पटरी से उतर गए ।रिलीज के अनुसार बहनागा बाज़ार स्टेशन पर चार ट्रैक हैं ।एक लूप ट्रैक पर मालगाड़ी खड़ी थी ।दो मुख्य लाइनों पर आमने-सामने से दो ट्रेनों को पास करना था। इस हादसे की सूचना से देशवासियों की आखें नम हो गईं हैं। अब मन में एक सवाल गूंज रहा होगा कि, अब तक देश में कितनी ट्रेन दुर्घटनाएं हुई। किस ट्रेन दुर्घटना में सबसे अधिक लोगों की मृत्यु हुई है।233 लोगों की मरने की सूचना है।900 गंभीर घायल हैं। राहत कर्मी पूरे जोर शोर से जुटे हुए हैं। पर यह ट्रेन हादसा यह सवाल मन में उठाता है कि देश में अब तक कितने ट्रेन हादसे हुए हैं।


## 'जी करदा' में अदाकारा तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिका में नजर आएंगी




मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले निर्मित आधुनिक रोमांस को परिभाषित करती ड्रामा सीरीज़ 'जी करदा' में अदाकारा तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। 'जी करदा' बचपन के 7 दोस्तों की बड़ी रोचक कहानी है, जिन्होंने सोचा था कि जब तक वे 30 साल के होंगे, तब उनकी ज़िंदगी बेहद आसान और सपनों-सी सुंदर होगी। लेकिन 30 साल के होने पर, आखिरकार उन्हें एहसास होता है कि उनकी ज़िंदगी तो बड़े पैमाने पर परेशानियों उथल-पुथल से भरी है। वे साथ रहते हैं, और ज़िंदगी अबूझ पहेली की तरह है जो सबको लुभाती है। भारत में दर्शकों के मनोरंजन के लिए सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो ने 15 जून से बेहतरीन रोमांस ड्रामा, अमेज़न ऑरिजिनल सीरीज़ 'जी करदा' के वर्ल्ड प्रीमियर की घोषणा की। इस सीरीज़ की कहानी बचपन के सात दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें एहसास होता है कि 30 साल की उम्र में उनकी ज़िंदगी बिल्कुल भी वैसी नहीं है, जैसा उन्होंने बचपन में सोचा था। दिल को छू लेने वाली और जज्बातों से भरी इस सीरीज़ में तमन्ना भाटिया, आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सायन बनर्जी, और संवेदना सुवालका ने सात दोस्तों की भूमिका निभाई है, जबकि सिमोन सिंह और मल्हार ठाकर ने भी अहम किरदार निभाए हैं। अरुणिमा शर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित इस सीरीज़ के सह-लेखक हुसैन दलाल और अब्बास दलाल हैं। भारत के साथ-साथ दुनिया भर के 240 देशों और क्षेत्रों में 8 एपिसोड की इस सीरीज़ का एक्सक्लूसिव प्रीमियर होगा। 'जी करदा' प्राइम मेंबरशिप में शामिल की गई सबसे नई सीरीज़ है।

**प्रस्तुति:काली दास पाण्डेय**

# राजद्रोह से संबंधित आईपीसी की धारा 124 ए को बरकरार रखने की सिफारिश



गोंदिया ।वैश्विक स्तरपर जिस तेजी के साथ भारत अपने विज़न 2047 की ओर बढ़ रहा है, हमें बाबा आदम के ज़माने के भारतीय कानूनों को बदलने या संशोधित करने की ज़रूरत है ताकि अनेक महत्वपूर्ण और गंभीर कानूनों की आड़ में पहली बात किसी के हितों को दबाया ना जा सके या किसी कमजोर कानूनों उनकी धाराओं की आड़ में किन्हीं पर अत्याचार ना हो या किसी की प्रतिभा को अपनी उन्नति की बाधा की आड़ में कानूनों की धाराओं का दुरुपयोग नहीं किया जा सके। दूसरी बात सभी कानून की धाराओं को भारतीय संविधान के संज्ञान में भी लेने की ज़रूरत है, अन्यथा इसकी जरूरतों को महसूस करते हुए न्यायपालिका पर पिटिशंस का बोझ बढ़ता ही चला जा रहा है। इस मामले में अगर हम आईपीसी की धारा 124 ए देशद्रोह धारा का संज्ञान ले तो सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ़ अभी 10 याचिकाएं दाखिल है, जिसमें 11 मई 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने 124 ए पर फिलहाल रोक रोक लगाते हुए आगे सुनवाई करने की बात की है। सरकार ने भी इस धारा पर पुनर्विचार की बात कोर्ट में कही थी और मामला 22 वें विधि आयोग हो भेजा था। चूंकि दिनांक 2 जून 2023 को विधि आयोग की रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंपी गई है जिसमें इस धारा को बरकरार रखने की सिफारिश की है। इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इंडियन पेनल कोड की धारा 124 ए देशद्रोह। साथियों बात अगर हम विधि आयोग द्वारा दिनांक 2 जून 2023 को विधि मंत्रालय को सौंपी अपनी रिपोर्ट की करें तो, राजद्रोह से संबंधित आईपीसी की धारा-124ए को बरकरार रखने की जरूरत है, हालांकि इसके इस्तेमाल के बारे में अधिक स्पष्टता के लिए कुछ संशोधन किए जा सकते हैं। 152 साल पुराने देशद्रोह कानून को हटाने का कोई वैलिड रीजन नहीं है। हालांकि, कानून के उपयोग को लेकर ज्यादा स्पष्टता बनी रहे इसके लिए कुछ संशोधन किए जा सकते हैं। आयोग ने कहा है कि धारा-124ए के दुरुपयोग को रोकने के लिए वह केंद्र सरकार द्वारा माडल गाइडलाइंस को जारी करने की सिफारिश करता है। उन्होंने रिपोर्ट में कहा है, इस संदर्भ में यह भी सुझाव दिया जाता है कि सीआरपीसी, 1973 की धारा-196(3) के अनुरूप सीआरपीसी की धारा-154 में एक प्रविधान जोड़ा जा सकता है, जो आइपीसी की धारा-142ए के तहत अपराध के संबंध में एफआईआर दर्ज करने से पहले आवश्यक प्रक्रियागत सुरक्षा उपलब्ध कराएगा। आयोग का यह भी कहना है कि किसी प्रविधान के दुरुपयोग का कोई भी आरोप उस प्रविधान को वापस लेने का आधार नहीं हो सकता। साथ ही औपनिवेशिक विरासत होना भी इसे वापस लेने का वैध आधार नहीं है। रिपोर्ट में आयोग का कहना है कि गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम जैसे कानून अपराध के उन सभी तत्वों को कवर नहीं करते, जिनका वर्णन आईपीसी की धारा-124ए में किया गया है। विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में प्रारंभिक जांच अनिवार्य होने, प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों और सजा में संशोधन समेत प्रावधान में संशोधन के संबंध में कुछ सिफारिशें भी की हैं। अनुच्छेद 19(2) के तहत राजद्रोह को उचित प्रतिबंध (रीजनेबल रिस्ट्रिक्शंस) बताते हुए विधि आयोग ने इशारा किया कि सुप्रीम कोर्ट ने धारा 124ए की संवैधानिकता पर विचार करते हुए यह व्यवस्था दी है कि जिस प्रतिबंध को लागू करने की इसमें मांग की गई थी वह एक रीजनेबल रिस्ट्रिक्शन हैं, लिहाजा यह कानून संवैधानिक है। इसमें कहा गया है, यूएपीए और एनएसए जैसे कानून खास हैं जो राज्य के प्रति होने वाले अपराधों को रोकना की कोशिश हैं। राजद्रोह कानून, कानून द्वारा, लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई सरकार के हिंसक, अवैध व असंवैधानिक तख्तापलट को रोकना चाहता है।

आयोग ने यह भी कहा है कि सिर्फ इसलिए कि यह कानून औपनिवेशिक काल का है, इसे खत्म करने का 'वाजिब आधार' नहीं है ।इसमें कहा गया है, अगर राजद्रोह को औपनिवेशिक युग का कानून माना जाए तो इसके आधार पर फिर तो भारतीय कानूनी प्रणाली का पूरा ढांचा ही औपनिवेशिक विरासत का ह। तथ्य केवल यह है कि यह मूलतः औपनिवेशिक है, जो कि इसे वास्तव में खत्म किए जाने के लिए मान्य नहीं हो सकता ।इसमें आगे कहा गया है कि हर देश को अपनी खुद की वास्तविकताओं से जूझना पड़ता है और राजद्रोह कानून सिर्फ इसलिए नहीं खत्म किया जाना चाहिए कि बाकी देशों ने ऐसा किया है ।आयोग ने अपनी सिफारिशों में कहा, राजद्रोह कानून की व्याख्या, समझ और इस्तेमाल में अधिक स्पष्टता लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के केदार नाथ फैसले को अपनाया जा सकता है. राजद्रोह के लिए प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश से पहले पुलिस अधिकारी सबूत के लिए केंद्र द्वारा मॉडलदिशानिर्देश को अपना सकते हैं ।इस रिपोर्ट में आगे कहा गया है,राजद्रोह के लिए सजा से संबंधित प्रावधान को अधिनियम के पैमाने और गंभीरता के अनुसार अधिक मौका देने के लिए संशोधित किया जाना चाहिए। कानून में संशोधन करने के लिए हिंसा यासार्वजनिक अव्यवस्था को भड़काने कीप्रवृत्ति को शामिल किया जाना चाहिए ।संवैधानिक रूप से आईपीसी की धारा 124ए को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष चुनौती दी गई थी। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को भरोसा दिया था कि वह 124ए की फिर सेसमीक्षा कर रहा है और कोर्ट ऐसा करने में अपना कीमती समय न गंवाए और उसी के अनुसार 11 मई, 2022 को पारित आदेश को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और सभी राज्यों की सरकारों को धारा 124ए से जुड़ी सभी जांचों को रद्द करते वक्त कोई भीएफआईआर दर्ज करने और कठोर कदम उठाने से बचने का निर्देश दिया था। इसके अलावा, इसने यह भी निर्देश दिया कि सभी लंबित मुकदमों, अपीलों और कार्यवाहियों को आस्थगित रखा जाए।

**एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सज़्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नज़्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नज़्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिज़्मेदार होंगे।**

**-सज़्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ज़्लाक स्तर पर ज़्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सज़्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

# पत्रकार पार्क सफाई और देखरेख के अभाव में बदहाल




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शहर के पार्कों की हालत बदहाल हैं। नगर निगम के अधीन में आने वाले अधिकतर पार्कों में उचित व्यवस्था न होने के कारण यहां आने-जाने लोगों को असुविधा हो रही है। अशोक नगर में शहर का इकलौता पत्रकार पार्क है जिसकी स्थापना 1950 में पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी के सपुत्र हरि शंकर विद्यार्थी ने की थी जब वो कानपुर डेवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष थे। जिसकी देखरेख नगर निगम करता है। जर्नलिस्ट क्लब के महामंत्री अभय त्रिपाठी ने बताया कि पत्रकार पार्क में गंदगी का अंबार लगा हुआ है ये वही ऐतिहासिक जगह है जहाँ देश की आजादी के दीवाने मतवाले और क्रांतिकारी पत्रकारो की गोपनीय बैठक हुआ करती थी। तब इस स्थान को घुसरामऊ के नाम से जाना जाता था, उस दौर में ब्रिटिश हुकूमत की नजरें क्रन्तिकारियो और पत्रकारों की हर गतिविधियों में रहती थी इसलिए तब विद्यार्थी जी और अन्य क्रन्तिकारी के मिलन का मुख्य अड्डा घुसरामऊ हुआ करता था।

इसलिए हरि शंकर विद्यार्थी ने कानपुर डेवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष बनते ही सबसे पहले घुसरामऊ का विकास किया और उस समय शहर के 31 पत्रकारों को आवास के लिए प्लाट और उन प्लाटो के बीचों-बीच पत्रकार पार्क बनवाया था।

नगर निगम की लापरवाही से यहां के पेड़ पौधे सूख गए हैं जिससे कोई भी व्यक्ति पार्क नहीं जाता। तमाम बीमारियों से बचने के लिए चिकित्सक सभी को सुबह शाम को घूमने की सलाह देते हैं, ताकि स्वस्थ रह सकें। शहर में घूमने के लिए पार्क होने चाहिए, जिससे लोगों को ताजी ऑक्सीजन युक्त हवा मिल सके। लेकिन यहां के पार्कों की तो हालत ऐसी है कि लोगों को इसके अंदर जाने से भी डर लगता है। क्योंकि न तो पार्क में घास की कटाई-छंटाई होती है और न ही साफ-सफाई। पार्कों का कॉलोनी के लोगों को किसी तरह का फायदा नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में नगर निगम या तो पत्रकार पार्क का नाम बदल दे या पार्क की देखरेख करने वाले जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करें और पार्क को हरा भरा बनाये। पार्क की दुर्दशा को देखते हुए संस्था के पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मण्डल पूर्व में नगर आयुक्त के सज्ञान में लाया था जिसके बाद कुछ सुधार हुआ था अब फिर वही हालात है जिसको लेकर पत्रकारों में भारी रोष है।

## एडीजी जोन ने विभिन्न मामलों पर गोष्ठी कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस महानिदेशक द्वारा यू0पी0-112 वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण/सनसनीखेज अपराधों, महिला एवं बाल अपराधों में कृत कार्यवाही, अनावरण हेतु शेष लम्बित अभियोगों, विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण, इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, चिन्हित माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही, यातायात व्यवस्था में सुधार व आगामी त्योहारों/कांवड़ यात्रा की तैयारी आदि अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान आलोक सिंह अपर पुलिस महानिदेशक जोन व पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र उपस्थिति रहे।

## बदमाशों ने दो दुकानों में लगाई सेंध

कानपुर। शिवराजपुर थाने से दो सौ मीटर की दूरी पर गुरुवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने दो दुकानों में धावा बोलकर हजारों का माल व नकदी पार कर दी। ब्लॉक गेट के पास राजेंद्र प्रसाद की जनरल स्टोर की दुकान है। गुरुवार देर शाम को वह अपनी दुकान बंद कर चला गया। देर रात अज्ञात बदमाशों ने दुकान के ऊपर की छत काटकर नीचे उतर आए और दुकान में रखी चालीस हजार की नकदी व माल पार कर दिया। बाद में बदमाशों ने पास ही रवि की रेडीमेड दुकान को भी अपना निशाना बनाया। लेकिन बदमाश वहां से ज्यादा माल पार नहीं कर सके।

# मिट्टी माफियाओं से खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, अवैध खनन करते दो डंपर पकड़े



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। बिठूर थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन का काम तेजी से चल रहा है। बुधवार देर रात मंधना पुलिस ने मिट्टी माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की। अवैध खनन करते दो डंपरो को पुलिस ने पकड़ा। एक जीटी रोड मंधना तो दूसरा बिठूर रोड ब्लू वर्ल्ड तिराहे के पास से। डंपरो के पकड़े जाने के बाद सूचना पर सफेदपोश नेता चौकी और थाने के चक्कर काट रहे हैं बिठूर थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन का काम जोरदारी से फिर शुरू हो गया है, मंधना-अलीगढ़ चौड़ीकरण में सड़क निर्माण पीएनसी कंपनी करा रही है। कंपनी के नाम पर कुछ डंपर तो सड़क निर्माण में लगे है और कुछ डंपर अवैध खनन कर मिट्टी बेच रहे हैं।

बिठूर चौबेपुर क्षेत्र के आस पास खाली पड़े टीले और खेतो से मिट्टी का कारोबार चल रहा है। बिठूर रोड के पास बरहट बांगर, चौबेपुर के संडीला, चौधरीपुर आदि क्षेत्रों से मिट्टी लाकर अवैध खनन किया जा रहा है। पिछले माह इसी अवैध खनन में शनिवार को महाराजपुर में डंपर से घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग रामधीन प्रजापति की मौत हो गई थी इसके बाबजूद अवैध खनन का कारोबार जोरदारी से चल रहा है, टिकरा के पास नसेनिया रोड, सचेंडी के रौतेपुर में भी खनन का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। खनन के डंपर पकड़े जाने से सुबह से ही सफेद पोश लोग थाने चौकी में चक्कर लगा रहे है। थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि दो डंपर को पकड़ा गया है। खनन अधिकारी को सूचना देकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## केंद्रीय मंत्री का हुआ चकेरी मे स्वागत




कानपुर। भारत सरकार नवीनीकरण एवं उर्जा मंत्री आरके सिंह शुक्रवार को विशेष वायुयान से चकेरी पहुंचे।आर के सिंह का अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। चकेरी एयरपोर्ट स्वागत में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सुनील बजाज, डॉ वीना आर्या, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, वीरेश त्रिपाठी, अनुराग शुक्ला, शिवम मिश्रा, अंकित बाजपेई (श्याम) उपस्थित रहे।

# नया बाजार की राधा शर्मा सभापति व उपसभापति बने आदित्य तिवारी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नया बाजार थोक केंद्रीय उपभोक्ता भंडार लिमिटेड चुन्नी गंज में सभापति उपसभापति सहित 11 प्रतिनिधियों का निर्वाचन संपन्न हुआ जिसमें सभापति हेतु राधा शर्मा व उपसभापति आदित्य कुमार तिवारी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया साथ ही साथ रमा शंकर अग्रहरी को गवर्नमेंट नामिनी के रूप में नियुक्त किया गया 7 सुरेश गुप्ता प्रतिनिधि एन.सी.सी.एफ नई दिल्ली, हर्षवर्धन सिंह प्रतिनिधि नाफेड नई दिल्ली, दिनेश राय प्रतिनिधि पी.सी.यू लखनऊ ,देव कुमार पांडे दीपू प्रतिनिधि यू.पी. एस.एस. लखनऊ, गंगाराम शर्मा प्रतिनिधि यू.पी.सी.बी.लखनऊ, शिव बोधन मिश्रा प्रतिनिधि लैकफेड लखनऊ, संदीप परिहार प्रतिनिधि पैक्स फेड लखनऊ ,राघवेंद्र सिंह प्रतिनिधि आलू संघ फर्रुखाबाद ,हरी कुशवाहा प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश दलहन तिलहन फेडरेशन लखनऊ, करन कुमार प्रतिनिधि जिला सहकारी बैंक कानपुर मितांशु कुशवाहा दुग्ध संघ कानपुर सभी पदाधिकारी व प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित हुए श्री शिवदयाल सिंह परिहार चेयरमैन जिला सहकारी बैंक सहकारिता को बढ़ाने के लिए मौजूदा सभी पदाधिकारियों प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि सहकारिता तभी बढ़ेगी जब सभी लोगों को इच्छाशक्ति काम करेंगी आप लोग उपभोक्ता की जो सोसाइटी है उनमें हो रहे कार्यों एवं बनाए जा रहे उत्पादों का संकलन रिपोर्ट तैयार करें जिससे कि शासन से कहकर उन उत्पादों को सरकारी विभागों में आपूर्ति कराई जा सके और पूर्व की भांति राशन की दुकानें उपभोक्ता की सोसायटी ओं को दी जाती थी उन्हें पुन: उपभोक्ता की सोसाइटीयो को दीजाएं इस संबंध में शासन से बात की जाएगी निर्वाचन के समय अजय प्रताप सिंह चेयरमैन जिला सहकारी फेडरेशन, सुरेश गुप्ता पूर्व चेयरमैन जिला सहकारी फेडरेशन कानपुर देहात ,गंगाराम शर्मा निवर्तमान चेयरमैन नया बाजार ,हरी कुशवाहा पूर्व चेयरमैन नया बाजार, हर्षवर्धन सिंह, शिव कुमार श्रीवास्तव, प्रीति शर्मा, अतुल कृष्ण ,स्वाति कुशवाहा, रुकमपाल सिंह ,शिवबालक कुशवाहा, सभी निदेशक गण सुरेश कुमार कुशवाहा सहित तमाम सहकारिता आंदोलन के नेता मौजूद थे ।

# लापता ई-रिक्शा चालक की लूट के बाद हत्या

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गुजैनी के रतनलाल नगर से 31 मई की रात घर से निकले ई रिक्शा चालक की लूटपाट के बाद हत्या कर दी गई। गुरुवार रात उसका शव पनकी के सराय मीता के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। परिजनों ने वायरल वीडियो से पहचान की। हत्यारोपित उसका रिक्शा लूट ले गए। मृतक के सिर पर चोटों के निशान मिले हैं और पास में ही खून से सनी ईट भी बरामद हुई है।

रतनलाल नगर निवासी विवेक भट्ट (36) एक चप्पल फैक्ट्री में काम करने के साथ ही रात में ई-रिक्शा भी चलाता था। पत्नी अंजना ने बताया कि 31 मई की रात विवेक घर से ई रिक्शा लेकर निकले थे लेकिन सुबह तक घर नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद भी पता ना चलने पर उन्होंने गुजैनी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

वायरल फोटो देखकर परिजन पनकी थाने पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पनकी पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर शव के पास ही खून से सनी एक ईंट बरामद हुई है और विवेक के सिर पर गंभीर चोटें हैं।

इसके साथ ही हत्यारोपित विवेक का ई रिक्शा और पैसे भी लूट ले गए। पनकी थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल थे मरहूम हाजी मुस्ताक सोलंकी

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। समाजवादी पार्टी आर्य नगर विधानसभा के पूर्व विधायक एवं पूर्व नगर अध्यक्ष मरहूम हाजी मुस्ताक सोलंकी की 17वी पुण्यतिथि के अवसर पर आज नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय 7 नवीन मार्केट में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी संपन्न हुई जिसका संचालन नगर प्रवक्ता जावेद जमील ने किया श्रद्धांजलि सभा में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता केके शुक्ला जी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी में नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद मिंटू यादव बंटी सेंगर जावेद जमील फैसल महमूद रियाज अहमद राजू नंद लाल जयसवाल आदि लोगों ने मरहूम हाजी मुस्ताक सोलंकी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करके उनके जीवन पर प्रकाश डाला श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि मरहूम हाजी मुस्ताक सोलंकी हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल थे गरीबों शोषित पीड़ित एवं मजबूरो के मसीहा थे उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों के उत्थान के लिए निछावर कर दिया उनको अपने कार्यकर्ताओं से बहुत लगाव था वह अपने पेचबाग वाले पुराने घर से प्रतिदिन गरीबों बेसहारा लोगों को आटा दाल चावल के साथ आर्थिक मदद भी करते थे वह कानपुर शहर के सर्वहारा नेता थे ।श्रद्धांजलि सभा में केके शुक्ला मिंटू यादव जावेद जमील, फैसल महमूद, नंदलाल जायसवाल रियाज अहमद राजू कमलेश ओमर कुलदीप यादव सुलेखा यादव, पप्पू मिर्जा हाजी एहसान खान राहुल यादव हाजी यूनुस बदरे मोहम्मद आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## प्रोफेसर ने किया द लव काईस एकाडमी का शुभारंभ

कानपुर। द लव कार्ड्स एकाडमी का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर आई एम रोहतगी एवं कत्थक गुरु वंदना देव राय दीप प्रज्वलित करके किया,कहा जाता है कानपुर वो शहर है जिसे हम औद्योगिक नगरी से जानते है, इस कानपुर शहर मे ऐसे महान लोगो का जन्म हुआ, जिन्होंने कानपुर शहर की गरिमा बढ़ाया ओर इस शहर को कला नगरी बना दिया,जिसका लोहा मुंबई के लोग भी मान चुके है, ओर इसी दिशा मे द लव कार्ड्स एकाडमी के डायरेक्टर सुभाष राठौर ने न्यू रखी, और बताया कि अब कानपुर के बच्चे दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों में चक्कर काटने की जरूरत नहीं हमारी एकेडमी वो सारी सुविधाए बच्चों को देगे, जैसे गायन, वादन, नृत्य एक्टिंग न्यूज रीडिंग एंकरिंग साथ ही साथ रिकॉर्डिंग स्टूडियो मे लाखों रुपए खर्चा कर देते हैं हम द लव कार्ड्स एकाडमी मे सारी सुविधा देंगे इस एकेडमी के शुभारंभ में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ओर लोगों का ताता लगा रहा है।

## मामूली विवाद में दबंगों ने माँ - बेटे को जमकर पीटा, जिला अस्पताल रेफर

कानपुर। कानपुर के नरवल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक को लाठी डंडों से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। युवक को बचाने आई उसकी मां को भी दबंगों ने जमकर पीटा। मारपीट के दौरान मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।पीड़ित ने मामले की शिकायत नरवल पुलिस से की। दो दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। घटनाक्रम के अनुसार, नरवल निवासी पूनम पति लाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को देवर राहुल व कपूर सिंह घर की ओर आ रहे थे, तभी पड़ोस के रहने वाले उदय प्रताप व उनका लड़का रोहित, दामाद अजय, अजय, पारुल, शशि, रूपरानी, गुलाब, श्याम सिंह, रेखा, सविता गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारना-पीटना शुरू कर दिया ।मारपीट के दौरान बीच बचाव करने गई राहुल की मां को भी दबंगों ने बुरी तरह मारा पीटा। जिससे दोनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। परिजनों ने घायलावस्था में मां बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने नरवल थाने में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई ।बताते चलें कि नरवल कस्बा में दो पक्षों में मामूली विवाद में इतना तूल पकड़ लिया कि एक पक्ष के करीब एक दर्जन लोग लाठी डंडों से मां बेटे से जमकर मारपीट की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। जिसके बाद नरवल पुलिस हरकत में आ गई। इस संबंध में थाना प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद मारपीट हुई।

### शहर के लोगों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी

# 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कानपुर में बिछ जाएगा मेट्रो का जाल, इन स्टेशनों के बीच चलेगी मेट्रो

**मेट्रो का आइआइटी से नौबस्ता तक का पहला कारिडोर अगले वर्ष नवंबर तक पूरा होगा**



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शहर के लोगों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी है। यूं तो मेट्रो का आइआइटी से नौबस्ता तक का पहला कारिडोर अगले वर्ष नवंबर तक पूरा होगा लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो दौड़ने लगेगी ।उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन के मुताबिक, फरवरी 2024 तक आइआइटी से सेंट्रल स्टेशन तक की ट्रेनें शुरू कर दी जाएंगी। इसके आगे झकरकटी बस अड्डा से नौबस्ता तक के रूट पर 2024 के अंत में ट्रेनें शुरू होंगी। विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले 28 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ आइआइटी से मोतीझील तक के मेट्रो प्राथमिक कारिडोर का उद्घाटन किया था।

**2024 तक शुरू हो जाएगी मेट्रो**

इसके बाद मेट्रो को नवंबर 2024 के अंत में नौबस्ता तक ट्रेनों को चलाने की घोषणा की गई थी लेकिन अब मेट्रो फरवरी 2024 तक सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो ट्रेनें चलाने की तैयारी कर रहा है। चुन्नीगंज से नयागंज स्टेशन तक सुरंग की खोदाई जारी है ।दिसंबर के अंत तक सेंट्रल स्टेशन तक खोदाई का काम पूरा हो जाएगा और आइआइटी से सेंट्रल स्टेशन तक ट्रैक बिछ जाएगा। जाम से मिलेगी निजात- चुन्नीगंज, नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा और नयागंज शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में शामिल हैं। यहां बड़ी बाजारें हैं, जहां से हर रोज लाखों लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में मेट्रो सुविधा शुरू होने पर हजारों लोगों को राहत मिलेगी। इन क्षेत्रों में आटो-ईरिक्शा चालकों की मनमानी पर भी लगाम लगेगी। इन स्टेशनों के बीच चलेगी मेट्रो आइआइटी, कल्याणपुर, एसपीएम, विश्वविद्यालय, गुरुदेव, गीतानगर, रावतपुर, लाला लाजपत राय अस्पताल, मोतीझील, चुन्नीगंज, नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा, नयागंज, सेंट्रल स्टेशन ।फरवरी में सेंट्रल स्टेशन तक ट्रेनों को चलाया जाएगा। सिविल कार्य पूरे होने के बाद तीन माह का समय ट्रेनों को चलाने के लिए चाहिए। इसके लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य चल रहा है। सेंट्रल स्टेशन के जुड़ते ही यात्रियों की संख्या एक साथ बढ़ जाएगी, इसलिए उसके हिसाब से ही ट्रेनों को भी चलाया जाएगा।

**स्वदेश कुमार,**
**महाप्रबंधक आपरेशन,**
**उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन**

### यह है मेट्रो योजना

- 11,076 करोड़ रुपये से बन रहे हैं दोनों कारिडोर
- 21 स्टेशन हैं पहले कारिडोर में।
- 09 स्टेशन पर अभी चल रही हैं ट्रेनें।
- 14 स्टेशन में चलने लगेंगी फरवरी में ट्रेनें।
- 08 स्टेशन हैं दूसरे कारिडोर में।
- 29 ट्रेनें चलेंगी पहले कारिडोर में।
- 10 ट्रेनें चलेंगी दूसरे कारिडोर में।



## विधानमंडल की महिला बाल विकास समिति ने किया डफरिन का निरीक्षण, सभापति ने मरीजों के जाना हाल

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शुक्रवार को प्रदेश विधानमंडल की महिला विकास संबंधित संयुक्त समिति की सभापति नीलिमा कटियार ने डफरिन हॉस्पिटल के निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने ओपीडी की व्यवस्था और मरीजों के भर्ती होने वाले वार्ड का निरीक्षण किया ।टीम सबसे पहले ओपीडी में पहुंची, वहां पर पर्चा बनवाने के नियम को पूछा। इसके बाद डॉक्टरों के कक्ष में जाकर वहां की सुविधाएं देखी। इसके बाद इमरजेंसी वार्ड का हाल देखा। वहां से निकलकर दवा वितरण कक्ष और अल्ट्रासाउंड विभाग का निरीक्षण किया।

समिति के सदस्यों ने डफरिन की ओपीडी में दिखाने आए मरीजों से बातचीत की। उन्होंने मरीजों से पूछा कि पर्चा बनवाने के बाद आपको डॉक्टर के पास दिखाने में कितना समय लगता है। डॉक्टर लोग सही से देखते हैं या नहीं। इस पर सभी मरीजों ने संतोषजनक उत्तर दिया ।समिति की सभापति नीलिमा कटिहार ने डॉक्टर से पूछा कि प्रतिदिन कितने मरीजों की खून की जांच होती है। इस पर डॉक्टरों ने बताया कि रोजाना 250-300 मरीजों की जांच की जाती है, जिसमें की 10 से 15 महिलाएं रोजाना एनीमिया की शिकार पाई जाती है। इस पर सभापति ने कहा कि जिन मरीजों में एनीमिया की शिकायत है, उनको फॉलो करें और उनके खानपान को लेकर उनके अंदर जागरूकता पैदा करें ।सभापति नीलिमा कटियार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वस्थ भारत को लेकर बहुत काम कर रहे हैं। उनकी इस पहल को आगे तक ले जाना है। समिति के सदस्य हमीरपुर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, मुजफ्फरनगर बिलारी के विधायक फहीम इरफान, फर्रुखाबाद कासगंज की विधायक डॉ सुरभि, शाहजहांपुर तिलहर के विधायक सलोन कुशवाहा, छिबरामऊ की विधायक अर्चना पांडेय टीम में शामिल थी।

## जलकल कर्मियों ने महापौर के पुन: विजयी होने पर माला पहनाकर किया सम्मान

कानपुर। संयुक्त सफाई कर्मचारी यूनियन के तत्वाधान पर शुक्रवार को जलकल विभाग में आयोजित महापौर की पुन: भारी बहुमत से विजयी होने पर उनका भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया किन्तु महापौर माननीय प्रमिला पाण्डे कि अचानक तबियत खराब हो जाने के कारण उनके अनुरोध पर संगठन के सभी पदाधिकारी नगर निगम पहुंच कर उनके कार्यालय में उनको विशाल माला पहनाकर भगवान श्रीराम मंदिर की स्मृति चिन्ह भेंट कर महापौर को सम्मानित किया। यूनियन के तथा संयुक्त सफाई कर्मचारी यूनियन के आपदा सुनील सुमन ने समारोह में उपस्थित कर्मचारियों एवं अतिथियों को सम्बोधित करते हुये बताया कि विगत पांच वर्ष पूर्व महापौर के नेतृत्व में जलकल नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी मेहनत एवं लगनशीलता निष्ठा के साथ कानपुर महानगर के निवासियों की समस्याओं को तत्परता से निस्तारित किया था जिसका प्रतिफल कानुपर महानगर वासियों ने महापौर को पुन: भारी बहुमत से विजयी बनाकर दुबारा पदासीन किया है। महापौर के साथ कर्मचारियों भी गौरवान्वित हुआ है इसलिये हम सभी कर्मचारी अत्यन्त हर्षोउल्लास के साथ महापौर प्रमिला पाण्डे जी का हृदय से नमन करते हुये अभिनन्दन करते हैं समारोह का संचालन कर्मचारी नेता बीएल गुलबिया ने किया। कार्यक्रम में यूनियन के मंत्री सुशील सागर एवं पदाधिकारी रमाकान्त मिश्रा, मोरुव बाल्मीकि, वीरू, अजय विक्की तुरकेल, आदि कर्मचारी साथी सम्मिलित थे।

## परमिया नाले का सीवरेज गंगा में गिरता मिला

कानपुर। गंगा समग्र प्रांत कानपुर की टीम ने शुक्रवार को सुबह अपने साथियों के साथ दौरा किया तो गंगा की सफाई के दावों की पोल खुल गई। अटल घाट के पास स्थित गंगा में परमिया नाले का सीधा सीवरेज गंगा में गिरता मिला। इसके साथ ही परमट घाट के पास नगर निगम के अधिकारी तो मिले वह लोग नाला टैप करने का काम तो कर रहे थे पर सीवरेज गंगा में जा रहा है। इसी तरह भगवतदास घाट के ठीक बगल में नाले का सीवरेज गंगा में जा रहा था। गंगा समग्र कानपुर प्रांत के राजेश और बद्री चरण शुक्ल ने बताया कि इसके पहले भी इसकी शिकायत मंडलायुक्त, डीएम से की थी आश्वासन तो मिला था पर समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। इसकी पूरी रिपोर्ट बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दफ्तरों में भेजेंगे।

# डिप्टी सीएम ने पीएमएसएसवाई की नई बिल्डिंग का किया निरीक्षण



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शनिवार को मेडिकल कॉलेज में बनी पीएमएसएसवाई नई बिल्डिंग का निरीक्षण करने पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से तीमारदार ने की। इस पर बृजेश पाठक ने मामले की जांच करने के वरिष्ठ चिकित्सकों को निर्देश दिए और कहा कि पीड़ित से बातचीत करें और संबंधित पर कार्रवाई करें।

निरीक्षण के दौरान साथ में मौजूद उप प्रधानाचार्य रिचा गिरी से बृजेश पाठक ने कहा कि पीड़ित का नाम और मोबाइल नंबर नोट करें और इन्हें अपने पास बुला कर उनकी समस्या को सुनें, जिस भी डॉक्टर ने इस तरह की हरकत की है उसको बुलाएं और मामले की जांच करें यदि जांच में डॉक्टर दोषी है तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। वहीं, रिचा गिरी ने कहा कि पीड़ित से बातचीत कर डॉक्टरों पर कार्रवाई की जाएगी।बृजेश पाठक ने सबसे पहले जहां पर मरीजों के पर्चे बनते हैं, वहां का निरीक्षण किया। इसके बाद ऊपर के कमरों में जाकर निरीक्षण किया। वहां दिखाने आए मरीजों से बातचीत की, सभी मरीजों से डॉक्टरों के व्यवहार के बारे में और वहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। इसके बाद उन्होंने [illegible], सीटी स्कैन मशीनों को देखा। वर्तमान में इस बिल्डिंग में एक ऐसी एमआरआई मशीन है जो तीन टेस्ट करती है। इस मशीन के बारे में जानकर उन्होंने तारीफ की और कहा कि यहां पर आने वाले हर मरीजों को इसका लाभ मिलना चाहिए,

जो भी कुछ सरकार की तरफ से मदद होगी वह की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मरीजों को [illegible] जैसी सुविधाएं मिलनी चाहिए, ताकि किसी भी मरीज को यहां पर परेशानियों का सामना ना करना पड़े।नवनिर्मित बिल्डिंग में बनी ओटी को देखा और वहां की सुविधाओं को देखा। इसके बाद उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द इसी हफ्ते इस ओटी की शुरुआत कर दीजिए ताकि मरीजों का इसका पूरा लाभ मिल सके।

इसके पहले सचेंडी में बन रहे अमृत सरोवर का डिप्टी सीएम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी काम है उन्हें जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए, जो डेडलाइन दी गई है। उसी डेटलाइन पर काम को समाप्त कर लिया जाए। सुरार गांव में बन रहे ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

## पांचों विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्षों की नियुक्ति कर की घोषणा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आज समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक सपा कार्यालय नवीन मार्केट में संपन्न हुई बैठक का संचालन नगर महासचिव बंटीसेंगर ने किया तथा विधानसभा अध्यक्षों का स्वागत नगर उपाध्यक्ष मिंटू यादव ने किया समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री केके शुक्ला बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आज नगर की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्षों की नियुक्ति कर उनकी विधिवत घोषणा की इस अवसर पर नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि गोविंद नगर विधानसभा में आकाश यादव सीसामऊ विधानसभा में दो अध्यक्ष वरुण जयसवाल एवं आसिफ कादरी आर्य नगर विधानसभा क्षेत्र में मोहम्मद सरिया किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र में प्रदीप तिवारी और कैंट विधानसभा क्षेत्र में मोहम्मद शादाब आलम को विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया इस अवसर पर नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने सभी विधानसभा अध्यक्षों को 7 दिनों के अंदर वार्ड अध्यक्षों व विधानसभा कमेटियों का गठन करके सूची पार्टी कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पार्टी के निष्ठावान पार्टी के मजबूत सिपाहियों को विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है क्योंकि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव की डगर बहुत ही कठिन एवं चुनौतीपूर्ण है हमारी लड़ाई ऐसे दल है जो साम दाम दंड भेद की नीति अपनाकर हर हाल में सत्ता पर कब्जा करना चाहती है क्योंकि यह समाजवादी पार्टी का संघर्ष का समय है और समाजवादी लोगों ने हमेशा संघर्ष व आंदोलनों के माध्यम से सत्ता पाई है और कभी भी सत्ता का दुरुपयोग नहीं किया है इस अवसर पर हाजी फजल महमूद केके शुक्ला मिंटू यादव बंटी सेंगर फैसल आदि उपस्थित रहे।

## समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने किया वृक्षारोपण

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन की नर्सरी ऑब्जर्वेशन लैब मे चल रहे समर कैंप में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता गृह विज्ञान संकाय ने बच्चों को पेड़ों के महत्व के बारे मे बताया। कि पेड़ हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं द्व पेड़ हमें जीवन देते हैं, और हमें हर शुभ अवसर पर एक पौधा लगाना चाहिए। बी.एस. सी. की छात्राओं द्वारा पेड़ों की रक्षा एवं पेड़ों को काटने से रोकने पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गयी। समर कैंप मे प्रतिभाग कर रहे बच्चों ने पेड़ों की उपयोगिता, एवं बचाव को स्लोगन के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रतिभिगी बच्चो ने अपना डांस भी प्रस्तुत किया। एवं पेड़ की सच्ची दोस्ती नामक कहानी नाट्य रूप मे प्रस्तुत कर सन्देश दिया की हमको जीवन मे किसी भी व्यक्ति या वस्तु को केवल अपने स्वार्थ के लिए प्रयोग नहीं करना चाहिये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक शोध डॉ. पी. के. सिंह एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. रामप्यारे ने बच्चो के साथ गमलों में पौधे लगाए। डॉ. पी. के.सिंह ने बच्चों को पौधों की उचित देखभाल एवं समर स्कूल के दौरान सीखी गयी क्रियाओं से मिले ज्ञान,अनुभव से लाभ उठाने को कहा। अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने बच्चों के मनमोहक प्रस्तुतियों के तारीफ की एवं आशीर्वाद प्रदान किया। डॉ. मुक्ता गर्ग ने सीखी गयी गतिविधियों के साथ अच्छी गर्मियों की छुट्टी व्यतीत करने की शुभ कामनाएं दी एवं बच्चों को उपहार स्वरूप एक एक पौधा एवं फरूटी, चॉकलेट दी। समर कैंप की गतिविधियों को सुचारू रूप से संपन्न कराने में विभाग की शिक्षिकों डॉ. सुमेधा चौधरी, एवं रेनू निषाद् का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम मे गृहविज्ञान संकाय के समस्त स्टाफ, छात्रओं एवं अभिवावकों द्वारा भाग लिया गया।

# आधार कार्ड और योजनाओं के लाभ का झांसा देकर दंपति से उसकी नवजात बच्ची की गोद लेने की लिखा पढ़ी कराई

## कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर में एक नवजात बच्ची को धोखाधड़ी से हड़पने का मामला सामने आया है। दंपती का आरोप है कि योजनाओं का लाभ दिलाने वा आधार कार्ड बनवाने का झांसा देकर बच्ची की रजिस्टर्ड गोद लेने की लिखा पढ़ी करा ली। इसके बाद बच्ची को लौटाने से मना कर दिया। मां-बाप अपनी बच्ची की वापस पाने के लिए आरोपी कोटेदार और उसकी निसंतान बेटी समेत 5 लोगों के खिलाफ नवाबगंज थाने में एफआईआर कराई है।



शहर में नवाबगंज थाना क्षेत्र के आजाद नगर पहलवान पुरवा निवासी सिक्योरिटी गार्ड मुन्नालाल शुक्ला ने बताया कि पत्नी सुनीता ने 17 दिसंबर 2022 को बेटी के रूप में चौथी संतान को जन्म दिया था। पत्नी सुनीता उजियारा नवाबगंज में कोटेदार राजेन्द्र त्रिवेदी की दुकान से राशन लेने जाती थी। इसके चलते कोटेदार और उनकी बेटी वर्षा से नजदीकी हो गई थी। आरोप है कि वर्षा ने सुनीता को समझाया कि राशन कार्ड में नवजात बच्ची का नाम जुड़वा दे। उसे बच्ची के हिस्से का राशन और मुख्यमंत्री कोष से पैसा भी मिलेगा।

इसके बाद 30 जनवरी को वर्षा उन्हें व बच्ची को लेकर रजिस्ट्री ऑफिस पहुंची। कुछ कागजातों पर अंगूठे के निशान लगवाए। फिर एक ऑफिस में सभी की फोटो खींची। 31 जनवरी को वर्षा घर पहुंची और बच्ची के रेटिना की फोटो बनवाने का बहाना कर बच्ची को ले गई और नहीं लौटी। दंपती ने बच्ची को वापस मांगा तो 20 हजार देकर समझौता करने का दबाव बनाया। वर्षा ने कहा कि तुम्हारी बेटी की अच्छी परवरिश हो जाएगी और उसे अच्छे स्कूल में पढ़ाएंगे।दंपती ने थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर और महिला आयोग तक मामले की शिकायत की, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित दंपती ने अपना बच्चा वापस पाने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर नवाबगंज थाने में कोटेदार राजेंद्र, उसकी बेटी वर्षा, उसके पति मनीष, अम्बुज मिश्रा और अनुराग शुक्ला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

## गंगा टास्क फोर्स ने चलाया पर्यावरण जन जागरूकता अभियान

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने कानपुर छवानी परिषद 59 एन सी सी कैंप मे पर्यावरण जन जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर 265 एन सी सी कैडेट, शशांक शुक्ला (जिला परियोजना अधिकारी) उपस्थित रहे तथा गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार समरजीत सिंह और अन्य 10 जवान मौजूद रहे गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल वेदव्रत वैद्य की दिशा निर्देशन पर गंगा सफाई की जागरूकता अभियान घाट स्वच्छता पौधरोपण विगत 5 सालों से चलाया जा रहा है। इस अवसर एन सी सी कैडेटों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया तथा सभी को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए किया जागरूक और होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी, प्लास्टिक का उपयोग बंद कर के ही हैं हम प्लास्टिक प्रदूषण को कम कर सकते हैं तथा साथ ही पर्यावरण के संदर्भ में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## सट्टे और जुआ खिलवाने वालों पर करें पुलिस सख्त कार्रवाई : नंदी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने शनिवार को अफसरों संग विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए मिशन 2024 की धार देते हुए अपने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। विधायक सुरेन्द्र मैथानी से शहर की विकास योजनाओं की जानकारी ली, तो वहीं विपक्ष पर भी हमलावर रहे। नंदी ने कहा देश में अब कोई राहुल गांधी के बाद अपने बच्चे का नाम पप्पू और राहुल नहीं रखना चाहता है। विदेश में देश की बुराई करना बचकानी हरकत है। इस तरह की मूर्खतापूर्ण बातचीत से बचना चाहिए। मंत्री नंदी ने कहा कि इन्वेस्टर समिट में 33,50,000 करोड़ का एमओयू साइन हुए थे। ये अब 36 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। 19,595 कंपनियों से टडव साइन हो चुका है। इनकी जमीन, नक्शा और बिजली कनेक्शन समेत सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। ऐसे 10 लाख करोड़ की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जल्द यूपी में होगी। यूपी ऐसा राज्य होगा जहां इतने बड़े पैमाने पर काम किए जा रहे हैं। सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री नंदी ने कहा की नए टर्मिनल की सौगात के बाद जल्द ही कानपुर को नई फ्लाइट की सौगात भी दी जाएगी। अब वह दिन दूर नहीं जब कानपुर से प्रदेश के हर बड़े शहर के लिए फ्लाइट मिलेगी। जल्द ही कानपुर से दिल्ली की फ्लाइट शुरू की जाएगी। कानपुर दौरे के दौरान मंत्री नंदी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए कि शहर में सट्टेबाजी, मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और जुए के अड्डों को बंद किया जाए। मौजूदा समय में हालात ये है कि जुआ खिलाने वाले अड्डे 500 मीटर तक अपने सीसीटीवी लगाकर निगरानी करते हैं। बता दे कि कुछ दिन पूर्व ही सट्टे को लेकर खबर प्रकाशित की थी जिसे मंत्री नंद गोपाल नंदी ने संज्ञान में लिया था। पुलिस अफसरों से सटटे और जुए की फड़ों को लेकर खास तौर पर कार्रवाई करने के लिये कहा है।

## शपथ ग्रहण एवं कानपुर रत्न सम्मान समारोह का भव्य आयोजन मर्चेंट चेंबर हॉल में हुआ सम्पन्न



**बीपीएस न्यूज**। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण एवं कानपुर रत्न सम्मान समारोह का भव्य आयोजन मर्चेंट चेंबर हॉल सिविल लाइंस में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सदस्यों एवं पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई गई एवं शहर के प्रतिष्ठित व्यापारियों को कानपुर रत्न सम्मान से नवाजा गया *कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता %नंदी%, शहर की महापौर श्रीमती प्रमिला पांडेय, कानपुर सांसद सत्यदेव पचौरी, कैबिनेट मंत्री विधायक राकेश सचान, विधायक सलिल विश्नोई, विधायक सुरेन्द्र मैथानी विधायक कल्याणपुर निलिमा कटिहार पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदोरिया उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए व्यापार मंडल के उत्साह को शिखर पर पहुंचाया। नगर के प्रतिष्ठित एवं गणमान्य व्यापारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया और व्यापारी एकता का संदेश दिया।शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता महामंत्री कृपाशंकर त्रिवेदी कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता विराट गुप्ता आदि कानपुर शहर के समस्त व्यापारी गण इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## गरीबों की जमीन कब्जानें वालो को भेंजेगे जेल : डॉ. एम लोकेश

**निज प्रतिनिधि**

कानपुर। चार्ज संभालने के 16 घंटे बाद ही डिप्टी सीएम और कैबिनेट मंत्रियों के कार्यक्रम को निपटा कर शहर के नये मंडलायुक्त ने मीडिया से बात करते हुएअपनी प्राथमिकताएं बताई। सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि सीएचसी, पीएचसी स्वास्थ्य केंद्र में गरीबों को गुणवत्तापूर्ण और तत्काल इलाज दिलाया जायेगा। स्कूल न जाने वाले बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन दिलाई जाएगी। 2005 बैच केआईएएस डॉ लोकेश एम को तीन दिन पूर्व शासन ने कानपुर का मंडलायुक्त बनाकर भेजा था। शुक्रवार की शाम ही उन्होंने चार्ज संभाल लिया था। शनिवार को वीआईपी मूवमेंट के बाद शहर के अफसरों से मुलाकात करके शहर का मिजाज जाना। सोमवार को मंडल के जिलों की वे समीक्षा बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि नवागत कमिश्नर ने मीडिया से बात करते हुए बताया शहर में चल रहे स्मार्ट सिटी के कार्य को तेजी से पूरा कराया जाएगा। नए प्रोजेक्ट पर जनता के बीच सर्वे कराया जाएगा आमजन जिस प्रोजेक्ट पर अपनी राय देंगे, उसको पूरा कराया जाएगा। स्मार्ट सिटी के कार्यों और उनको मिले बजट के आधार पर नए कार्य शहर के विकास के लिए स्वीकृत किए जाएंगे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कब्जे, राशन कार्ड की सबसे ज्यादा शिकायतें आई

कानपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को फूलबाग स्थित बाल भवन में एसडीएम अभिनव गोपाल और तहसीलदार रितेश सिंह ने समस्याएं सुनी। कब्जे, पेंशन, राशन कार्ड की सबसे ज्यादा शिकायतें आई। दो शिकायतों पर तत्काल अफसरों को भेजकर समस्या निस्तारित की गई। ख्योरा की रमा देवी ने बताया कि एक माह पहले राशन कार्ड के लिए आवेदन किया था। लेकिन अभी तक बना नहीं है। इनके साथ ही अन्य शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को देकर निस्तारित कराने के निर्देश दिए।

# कटौती को लेकर पब्लिक ने सबस्टेशन पर बोला धावा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। चिलचिलाती गर्मी मे भीषण बिजली कटौती को लेकर इस समय शहर मे हाहाकार मचा है।दिन दिन भर बिजली गायब रहती है।बिजली कटौती के कारण पानी की भी किल्लत से लोग हलाकान है।बिजली संकट केस्को के साथ साथ जिला प्रशासन के लिए भी सिर दर्द बनता जा रहा है।लोग सबस्टेशनों पर जाकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।

विधुत कटौती को लेकर शनिवार को दक्षिण विकास मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने पार्षद नवीन पंडित के नेतृत्व में पराग डेयरी सबस्टेशन पर धावा बोल दिया।बिजली कटौती बंद करो-बंद करो आदि स्लोगन लिखी तख्तियां हाथो मे लिए व नारे लगाते हुए लोग यहां पहुचे।

पहली मंजिल पर स्थित एई एवं जेई के आफिस खाली थे जबकि अन्य कर्मचारी अपने काम निपटा रहे थे।केस्को अफसरों को नदारद पा कर लोगों का गुस्सा और बड गया, पता चला कि उक्त अफसर सबस्टेशन आए तो थे परन्तु प्रदर्शन की सूचना मिलते ही रफूचक्कर हो लिए।इस पर लोग एई व जेई के कमरो के बाहर धरना देकर बैठ गए।

लगभग एक घंटे बाद भी जब केस्को सबस्टेशन के अफसर ज्ञापन लेने नही आए तो पार्षद नवीन ने वंहा के बाबू को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि कुछ अफसर सरकार को बदनाम करने के लिए जानबूझकर कभी फाल्ट का तो कभी कोई अन्य बहाना बनाकर बिजली संकट पैदा कर रहे।बिजली कटौती से जनता त्राहि त्राहि कर रही है।व्यापारियों का व्यापार चौपट हो रहा है। बिजली कटौती का असर पेयजल सप्लाई पर भी पड रहा है।इस भीषण गर्मी मे लोग बिना नहाए धोए ही काम पर जाने को मजबूर है।एसी कूलर शोपीस बनकर रह गए हैं।केस्को अफसरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पार्षद ने कहा कि ईमानदार विधुत उपभोक्ताओं का लोड चैक करने के नाम पर तो कभी नया मीटर लगाने के नाम पर उक्त अफसर जमकर आम जनता का शोषण कर रहे है।प्रदर्शनकारियों ने चेताया कि अगर जल्द ही बिजली कटौती से निजात नही मिली व केस्को अफसरों ने अपना रवैया न बदला तो ऐसे भ्रष्ट अफसरों को चूड़ियां पहनाने का काम किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पार्षद नवीन पंडित, प्रकाश वीर आर्य, अरुण कुमार बाजपेई, हरि शंकर सिंह, दिव्यांशु बाजपेई, अर्चना पांडे, शम्मी भल्ला, अवध बिहारी अवस्थी, धीरज त्रिपाठी, डॉसमरदीप, राजीव अवस्थी, रोहित शुक्ला आदि रहे।

# पुजारी ने मासूम से किया दुष्कर्म, पिता ने रंगेहाथ दबोचा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुजारी ने पैसों का लालच देकर बस्ती में रहने वाली सात साल की मासूम से दुष्कर्म का प्रयास किया। पिता ने रंगेहाथ पुजारी को पकड़ा और पीटा। मौके पर पहुंची बर्रा पुलिस आरोपित को हिरासत में ले लिया।

वहीं, आस पड़ोस के लोगों ने पुजारी पर गांजा बेचने का भी आरोप लगाया है।बर्रा थाना क्षेत्र मैं हाईवे के किनारे स्थित मंदिर में कानपुर देहात के महेश कुमार (80) पुजारी हैं। वहीं पास ही में कच्ची बस्ती में रहने वाली रहने वाली महिला ने बताया कि पति राजमिस्त्री हैं और वह भी साथ मे मजदूरी करती है। उनके सात साल की बेटी, चार साल और डेढ़ साल का बेटा है। बच्चों को घर पर छोड़कर काम पर दोनों चले जाते हैं।शुक्रवार को नगर निगम ने उनके घर को गिरा दिया था। रात में दोबारा टट्टर लगा दोबारा रहने की व्यवस्था की।शनिवार दोपहर पति घर पर बच्चों को देखने पहुंचे तो बेटी गायब थी।

वह अक्सर मंदिर में पुजारी के पास खेलने जाती थी।तो पति बेटी को देखने मंदिर की दीवार से झांकने लगे। उन्होंने देखा कि पुजारी बेटी से दुष्कर्म कर रहा था। वह शोर मचाते हुए गेट खुलवाने लगे।लोगों की भीड़ लगी तो पुजारी अंदर से निकला। आक्रोशित पिता ने उसे पीटा। पीड़िता की मां का आरोप है कि बेटी के अनुसार पुजारी करीब 15 दिनों से 10-20 रुपये देकर गलत कार्य कर रहा था। थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपित को थाने लाया गया है।पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## विवि में जल संरक्षण व संसाधनों के प्रबंधन पर मिलकर काम करने की हुई कार्यशाला

**बीपीएस न्यूज** कानपुर। सीएसजेएमयू में एसडीजी उद्यमिता कार्यशाला और जल पदचिह्न सहयोगी कार्यक्रम आयोजित किया गया।। इस कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर इंडिया, आईटेक ग्रुप एवं सीएसजेएमयू, विवि इनोवेशन फाउंडेशन के समन्वय से किया गया।

विवि के यूआईईटी के लेक्चर हॉल में हुए इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीएसजेएम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में प्रो. पाठक ने एसडीजी उद्यमिता और जल पदचिन्ह प्रबंधन के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ये दो सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं जिनका दुनिया सामना कर रही है। युवा उद्यमियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे इन चुनौतियों के बारे में जागरूक हों और उन्हें दूर करने के लिए समाधान विकसित करें।इस कार्यक्रम में अटारी-आईसीएआर के निदेशक डॉ शांतनु दुबे ने देश में जल संरक्षण और जल प्रबंधन के महत्व के बारे में बताया, कि भारत पानी की कमी वाला देश है।हम सभी को जल संरक्षण और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन के लिए मिलकर काम करें।इस कार्यक्रम में आईटेक ग्रुप के संस्थापक और सीईओ आलोक पांडे और इनोवेशन ऑफिसर अनिल कुमार त्रिपाठी द्वारा एसडीजी उद्यमिता विषय पर चर्चा भी की गई।

## पीएम मोदी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने में व्यस्त, रेल सुरक्षा पर नहीं दे रहे हैं ध्यान: कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष ने रेलवे में तीन लाख पद खाली होने का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा भर्ती किये जाने वाले बड़े अधिकारियों के पद भी खाली हैं।ओडिशा रेल हादसे के मद्देनजर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कटाक्ष करने के साथ ही आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने में व्यस्त हैं और रेल सुरक्षा पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। खरगे ने भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाएं रोकने के लिए ऊपर से नीचे तक सभी पदों की जवाबदेही तय करने की भी अपील की। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट में मोदी सरकार से सवाल किये और आरोप लगाया कि 'प्रचार पाने के हथकंडों' ने मोदी सरकार के कार्य प्रणाली को 'खोखला' बना दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने रेलवे में तीन लाख पद खाली होने का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा भर्ती किये जाने वाले बड़े अधिकारियों के पद भी खाली हैं।

उन्होंने सवाल किया कि बीते नौ वर्षों (केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्षों) में इन पदों को क्यों नहीं भरा गया। उन्होंने यह उल्लेख किया कि रेलवे बोर्ड ने हाल में खुद स्वीकार किया है कि मानव संसाधन की भारी कमी के चलते लोको पायलट (ट्रेन चालक) का लंबी अवधि तक काम करना दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या का मुख्य कारण है। उन्होंने सवाल किया, ''...तो फिर पद क्यों नहीं भरे गये।'' खरगे ने दावा किया कि दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) जोन (क्षेत्र) के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक ने मैसुरु में दो ट्रेनों के आपस में टकराने से बच जाने का जिक्र करते हुए आठ फरवरी 2023 को सिग्नल व्यवस्था दुरुस्त करने का आग्रह किया था।

कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया, ''उस पर रेल मंत्रालय ने अमल क्यों नहीं किया।'' खरगे ने ट्वीट में कहा, ''संसदीय स्थायी समिति ने अपनी 323वीं रिपोर्ट में रेलवे सुरक्षा आयोग (सीआरएस) की सिफारिशों के प्रति रेलवे बोर्ड द्वारा की गई 'उपेक्षा' के लिए रेलवे की आलोचना की थी।'' उन्होंने सवाल किया, ''यह कहा गया था कि सीआरएस केवल आठ से 10 प्रतिशत हादसों की जांच करता है, तो सीआरएस को मज़बूती क्यों नहीं प्रदान की गई।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की ताज़ा ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, 2017-18 और 2020-21 के बीच 10 में से लगभग सात रेल दुर्घटनाएँ ट्रेनों के पटरी से उतरने की की वजह से हुई।

2017-21 में पूर्व तटीय रेलवे में सुरक्षा के लिए रेल मार्ग के रखरखाव का शून्य परीक्षण किया गया।'' उन्होंने सवाल किया, ''इसे दरकिनार क्यों कर दिया गया।'' उन्होंने कहा, ''कैग के अनुसार राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष में 79 प्रतिशत फंडिंग क्यों कम की गई, जबकि हर साल 20,000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराया जाना था। (रेल) पटरी नवीकरण कार्यों की राशि में भारी गिरावट क्यों आई?'' खरगे ने कहा, ''भारत के रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड आर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) द्वारा 2011 में विकसित ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली का नाम मोदी सरकार ने बदलकर 'कवच' कर दिया और मार्च 2022 में रेल मंत्री जी ने खुद इसका प्रदर्शन भी किया। फिर भी अब तक केवल चार प्रतिशत मार्गों पर ही कवच क्यों लगाया गया है?'' उन्होंने वंदे भारत ट्रेनों का संदर्भ देते हुए कहा, ''मोदी जी, आप आये दिन सफ़ेद की गई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने में व्यस्त रहते हैं पर रेल सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं देते।'' उन्होंने कहा, ''ऊपर से नीचे तक के पदों की जवाबदेही तय करनी होगी, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को होने से रोका जा सके। तभी, इस हादसे के पीड़ितों को न्याय मिलेगा।'' इस बीच, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की। प्रियंका ने एक ट्वीट में कहा, ''बालासोर, ओडिशा में भयावह ट्रेन दुर्घटना को हुए 24 घंटे से अधिक समय बीत चुका है। क्या शीर्ष पदों पर बैठे लोगों की जवाबदेही मानवीय व नैतिक आधार पर नहीं तय की जानी चाहिए?''




### शुक्रवार के दिन ही हुए सभी हादसे, 288 पहुंचा मौत का आंकड़ा

## घायल यात्रियों को ले जा रही बस बंगाल में दुर्घटनाग्रस्त



ओडिशा के बालासोर से घायल यात्रियों को ले जा रही एक बस शनिवार, 3 जून को बंगाल के मेदिनीपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ओडिशा के बालासोर जिले में तीन ट्रेनों की दुर्घटना में यात्रियों को बस ले जा रही थी। दुर्घटना के बाद मेदिनीपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात जाम हो गया। इलाके में बस की पिकअप वैन से आमने-सामने टक्कर हो गई। घायल यात्रियों को इलाज के लिए बंगाल के विभिन्न जिलों में भेजा जा रहा है।

बस में सवार कई लोगों के मामूली रूप से घायल होने की आशंका है। पुलिस ने घायलों को बाहर निकालना शुरू कर दिया है और उन्हें पश्चिम बंगाल के विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में भेजा जा रहा है। तीन ट्रेनें - कोलकाता-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस, बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी, शुक्रवार रात बालासोर में एक भीषण दुर्घटना का शिकार हुईं। अब तक, कम से कम 280 लोगों की जान चली गई है, और 900 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हादसा कोलकाता से करीब 250 किलोमीटर दक्षिण और भुवनेश्वर से 170 किलोमीटर उत्तर में बालासोर जिले के बहनागा बाजार स्टेशन के पास शाम करीब सात बजे हुआ।

**दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा के बालासोर में उस दुर्घटना स्थल का जायजा लिया जहां शुक्रवार को तीन ट्रेनें आपस में टकरा गई थी और इसमें 280 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और 900 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह एक दर्दनाक घटना है। सरकार घायलों के इलाज के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह एक गंभीर घटना है, हर कोण से जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि दोषी पाए जाने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। रेलवे ट्रैक बहाली की दिशा में काम कर रहा है। मैंने घायल पीड़ितों से मुलाकात की।

## बालासोर पहुंची ममता ने रेल मंत्री के सामने कहा - एंटी कॉलिजन सिस्टम होता तो दुर्घटना नहीं होती



कोलकाता। ओडिशा के बालासोर के पास तीन ट्रेनों के एक दूसरे से टकराने के बाद सैकड़ों लोगों की मौत मामले को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। दुर्घटना स्थल पर पहुंची मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ खड़े होकर रेलवे सुरक्षा पर सवाल खड़े किए। उन्होंने एंटी कॉलिजन सिस्टम का जिक्र करते हुए कहा कि अगर इन ट्रेनों में एंटी कॉलिजन सिस्टम लगा होता तो शायद यह दुर्घटना नहीं होती। ममता ने कहा कि जब वह रेल मंत्री थीं तो उन्होंने मडगांव जाकर एंटी कॉलिजन सिस्टम को समझा था और ट्रेनों में लगवाया था।उसके बाद से रेल दुर्घटनाएं कम हो गई थीं। यह ऐसा सिस्टम होता है जिसमें दो ट्रेनें आमने सामने होने पर अपने आप रुक जाती हैं। ममता ने कहा कि यह 21वीं सदी की सबसे बड़ी दुर्घटना है क्योंकि इसके पहले 1981 में ऐसी ही एक बड़ी दुर्घटना बिहार में हुई थी। रेल मंत्री की ओर देखते हुए ममता ने कहा कि एंटी कॉलिजन सिस्टम लगा होता तो इतने लोगों की जान नहीं जाती।

## अतीत में ओडिशा ट्रेन दुर्घटना जैसे हादसे होने पर रेल मंत्री इस्तीफा दे दिया करते थे: अजित पवार



नागपुर/मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने शनिवार को कहा कि देश ने ओडिशा रेल दुर्घटना से बड़ा हादसा पहले कभी नहीं देखा, जिसमें कम से कम 261 यात्रियों की मौत हो चुकी है। पवार ने कहा कि अतीत में ऐसे हादसे होने पर रेल मंत्री इस्तीफा दे दिया करते थे, लेकिन फिलहाल इस बारे में कोई बात नहीं कर रहा। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पवार ने नागपुर में पत्रकारों से यह बात कही।ओडिशा के बालासोर जिले में बेंगलुरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी की भिड़ंत में कम से कम 261 यात्रियों की मौत हुई है और 650 लोग घायल हैं। पवार ने कहा, ''ओडिशा ट्रेन दुर्घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे पहले देश ने इतनी बड़ी ट्रेन दुर्घटना नहीं देखी थी।

### रेल मंत्री में थोड़ी बहुत शर्म होगी तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए: दिग्विजय सिंह

ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे में 280 लोगों से ज्यादा की मौत हो गई है जबकि 1000 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। फिलहाल राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। घटनास्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। इन सब के बीच इस मामले को लेकर राजनीति भी जबरदस्त तरीके से हो रही है। विपक्ष रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से लगातार इस्तीफे की मांग कर रहा है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि रेल मंत्री बार-बार कहते हैं कि हमारा सिस्टम फुलप्रूफ है तो किसी भी तरह से इस प्रकार का हादसा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने पूर्व में एक रेल हादसे में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। हमें मोदी जी के मंत्रिमंडल से ऐसी उम्मीद नहीं है लेकिन उनमें थोड़ी बहुत शर्म होगी तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

### खड़गे का पीएम और रेल मंत्री से सवाल, इस घटना का जिम्मेदार कौन?

ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों के भयंकर एक्सीडेंट में लगभग 280 लोगों की मौत हो गई है वहीं 900 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। राहत औक बचाव कार्य लगातार जारी है। हालांकि, इसको लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सवाल पूछने है लकिन फिलहाल हमें राहत और बचाव कार्य पर ध्यान देना है। कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस भयानक घटना में सैकड़ों लोगों की मृत्यु हुई और सौकड़ों लोग घायल हुए। ये देखकर मुझे गहरा दुख हुआ है। इस हादसे में जो लोग घायल हुए हैं, उनकी कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता मदद कर रहे हैं। इस घड़ी में हम सभी को एक होकर लोगों की मदद करनी चाहिए। कर्नाटक सरकार भी इसमें लोगों की मदद कर रही है। मैं दिवंगत लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे प्रधानमंत्री और रेलवे मंत्री से ये सवाल पूछना है कि इस घटना का जिम्मेदार कौन है? कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि लोकसभा नेता अधीर रंजन चौधरी और एआईसीसी प्रभारी ए चेल्ला कुमार को स्थिति का जायजा लेने और आईएनसी कार्यकर्ताओं और फ्रंटल संगठनों द्वारा किए जा रहे।

## मोदी ने घटनास्थल का लिया जायजा, अस्पताल में घायलों से भी मिले

### हादसा दर्दनाक और विचलित करने वाला: मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि यह एक दर्दनाक घटना है। सरकार घायलों के इलाज के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह एक गंभीर घटना है, हर कोण से जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि दोषी पाए जाने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। रेलवे ट्रैक बहाली की दिशा में काम कर रहा है। मैंने घायल पीड़ितों से मुलाकात कीप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा के बालासोर में उस दुर्घटना स्थल का जायजा लिया जहां शुक्रवार को तीन ट्रेनें आपस में टकरा गई थी और इसमें 250 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और 900 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पूरी घटना को दर्दनाक और विचलित करने वाला बताया और साथ ही कहा कि इस मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त सजा होगी। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि घायलों की मदद करने के लिए आसपास के लोगों का शुक्रिया करता हूं। साथ ही साथ उन्होंने ओडिशा सरकार का भी धन्यवाद कहा।



## रेल हादसे के बाद घायलों से भरे अस्पताल, यात्रियों को बचाने में जुटे चिकित्साकर्मी



बालासोर (ओडिशा)। ओडिशा में शुक्रवार को हुए भीषण रेल हादसे के बाद बालासोर जिला अस्पताल और सोरो अस्पताल में बड़ी संख्या में घायलों को लाया गया जिससे इन अस्पतालों के कमरे भर गये और गलियारों तक में मरीजों को रखा गया है। चिकित्सा कर्मचारियों को घायल यात्रियों की मदद करने की कोशिश करते देखा गया, जिनमें से कई ओडिशा के अलावा अन्य राज्यों से हैं और बात करने की स्थिति में नहीं हैं। शनिवार दोपहर तक करीब 526 घायलों को बालासोर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बालासोर जिला मुख्यालय अस्पताल में अतिरिक्त जिला चिकित्सा अधिकारी (एडीएमओ) डॉ. मृत्युंजय मिश्रा ने कहा, ''मैं कई दशकों से इस पेशे में है, लेकिन मैंने अपने पूरे करियर में इस प्रकार की अफरा-तफरी की स्थिति नहीं देखी।... अचानक 251 घायलों को हमारे अस्पताल लाया गया और हम इसके लिए कतई तैयार नहीं थे। हमारे कर्मियों ने रातभर काम किया और सभी को प्राथमिक उपचार मुहैया कराया।'' उन्होंने बताया कि इनमें से 64 मरीजों को कटक स्थित एससीबी चिकित्सकीय महाविद्यालय अस्पताल रेफर किया गया और अब ''हमारे अस्पताल में 60 बिस्तरों पर मरीज हैं। अन्य को मामूली ऑपरेशन के बाद छुट्टी दे दी गई।'' मिश्रा ने कहा, ''हम यह देखकर वाकई हैरान है कि बड़ी संख्या में युवा रक्तदान करने यहां पहुंचे। हमने रातभर में करीब 500 यूनिट रक्त एकत्र किया। सभी का शुक्रिया। यह जीवन में एक बार होने वाला अनुभव है।

अब चीजें सामान्य हैं।'' अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग स्वेच्छा से यहां और कई अन्य अस्पतालों में रक्तदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दो हजार से अधिक लोग घायलों की मदद करने के लिए रात में बालासोर चिकित्सकीय महाविद्यालय एवं अस्पताल पहुंचे और कई ने रक्तदान भी किया। अस्पताल के मुर्दाघर में सफेद कफन में लिपटे शवों का ढेर लगा हुआ है। जिनमें से कई की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हादसे के शिकार हुए कई लोगों के रिश्तेदार अभी तक शहर नहीं पहुंच पाए हैं।

## जब 20 साल पहले इसी तरह ब्लैक फ्राइडे को कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी



ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार को हुए ट्रेन हादसे से पूरा देश सहमा हुआ है। इस हादसे ने कोरोमंडल एक्सप्रेस से जुड़े एक और हादसे की यादें ताजा कर दी हैं, जो 2009 में संयोगवश शुक्रवार को ओडिशा में हुआ था।

भारत ने शुक्रवार (2 जून) शाम को एक भीषण रेल हादसा हो गया। ओडिशा में बालासोर जिले के पास दो यात्री ट्रेनें और एक मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। एक रिपोर्ट के अनुसार चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस, बैंगलोर से हावड़ा जाने वाली हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी की टक्कर से अब तक 280 लोगों की मौत हो गई। वहीं 800 से ज्याा यात्री घायल हो गए। इस हादसे ने कोरोमंडल एक्सप्रेस से जुड़े एक और हादसे की यादें ताजा कर दी हैं, जो 2009 में संयोगवश शुक्रवार को ओडिशा में हुआ था। हैरानी की बात ये है कि वो हादसा भी ओडिशा के बालासोर में कोरोमंडल एक्सप्रेस के साथ हुआ था। जिस दिन वो हादसा हुआ, वो भी शुक्रवार का ही दिन था। 13 फरवरी, 2009 को यह हादसा हुआ था।

**ओडिशा ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना**

हादसा उस समय हुआ जब पश्चिम बंगाल के शालीमार और तमिलनाडु के चेन्नई के बीच चलने वाली 12841 कोरोमंडल एक्सप्रेस के 10 से 12 डिब्बे बालासोर में शाम करीब सात बजे पटरी से उतर गए और विपरीत पटरी पर गिर गए। हिंदुस्तान टाइम्स (एचटी) की रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे से कुछ मिनट पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस गलत ट्रैक पर चली गई थी। रिपोर्ट में रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि चेन्नई जाने वाली ट्रेन ने बहानगर बाजार स्टेशन से ठीक आगे मेन लाइन की जगह लूप लाइन ले ली।

**127 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी कोरोमंडल**

एचटी रिपोर्ट में आगे पाया गया कि कोरोमंडल एक्सप्रेस, जो लगभग 127 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी, लूप लाइन पर खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई और फिर मुख्य लाइन पर पटरी से उतर गई। सीएनएन के अनुसार, रेलवे ने कहा कि थोड़ी देर बाद, बैंगलोर के यशवंतपुर से पश्चिम बंगाल के हावड़ा तक चलने वाली हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस पटरी से उतरी कारों से टकरा गई, जिससे उसके तीन से चार डिब्बे पटरी से उतर गए।

**2009 कोरोमंडल एक्सप्रेस का पटरी से उतरना**

आपको बता दें कि 13 फरवरी, 2009 को चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस के 13-14 डिब्बे ओडिशा के जाजपुर जिले के पास पटरी बदलते समय लगभग 7.50 बजे पटरी से उतर गए। ट्रेन हावड़ा स्टेशन से शुक्रवार दोपहर को रवाना हुई थी और अगले दिन चेन्नई पहुंचनी थी। तत्कालीन पुलिस महानिदेशक मनमोहन प्रहराज ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, ट्रेन का इंजन एक ट्रैक पर चला गया और पलट गया, जबकि दूसरी बोगियां पटरी से उतर गईं और सभी दिशाओं में बिखर गईं।

**16 यात्रियों की हुई थी मौत**

पीटीआई की रिपोर्ट में कहा गया है, बोगियों के पहिये घटनास्थल से 200 से 300 मीटर दूर सभी दिशाओं में पड़े हैं। जाजपुर के अधिकारियों ने उस समय टाइम्स ऑफ इंडिया (टीओआई) को बताया कि इंजन के सबसे करीब के डिब्बे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए, जिनमें लगेज-कम-स्लीपर कोच, दो अनारक्षित कोच और 11 द्वितीय श्रेणी के स्लीपर बोगियां शामिल हैं। इस हादसे में 16 यात्रियों की मौत हो गई थी जबकि 161 लोग घायल बताए गए थे।

## घायलों को खून देने के लिए जुटा हुजूम, लोग बोले- इंसानियत अभी जिंदा है

ओडिशा के बालासोर में हुए विनाशकारी ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 261 तक पहुंच गई है। इस हादसे में 900 से अधिक लोग घायल हैं। जिनकी मदद में स्थानीय लोगों ने गजब का उत्साह दिखाया है।ओडिशा के बालासोर में हुए भीषण ट्रेन हादसे के बाद घायलों की मदद के लिए स्थानीय लोगों ने दिन-रात एक कर दिया। घटनास्थल पर लोगों की जान बचाने, घायलों को हॉस्पिटल में पहुंचाने, इलाज और खून की व्यवस्था में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाई। लोगों की मदद वाली इस भावना को देखकर यह कहा जा रहा है कि इंसानियत अभी जिंदा है। इस हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराए गए अस्पताल में खून देने वाले लोगों का हुजूम जुट गया। ब्लड बैंक में इतने लोग जमा हो गए कि एक ही रात में 500 यूनिट ब्लड जमा हो गया। इससे घायलों की इलाज में खून की कमी जैसी स्थिति नहीं बनी। खून देने के लिए अस्पताल में जुटे लोगों की तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें ब्लड बैंक सेंटर लोगों से खचाखच भरा नजर आ रहा है।

**रात भर बालासोर और भद्रक हॉस्पिटल में ब्लड डोनेशन**

मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन हादसे के घायल पीड़ितों के लिए सैकड़ों स्थानीय युवा अस्पतालों में रक्तदान करने के लिए पहुंचे। शुक्रवार शाम को हुई दुर्घटना की खबर फैलते ही युवा रक्तदान करने के लिए बालासोर जिला मुख्यालय अस्पताल और भद्रक में रात भर लाइन में लगे रहे। कतार में खड़े अधिकतर लोग घायलों को जानते तक नहीं थे, लेकिन फिर भी उन्होंने रक्तदान में बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाई।

**हमारा खून किसी की जान बचाएं, इससे बढ़कर खुशी क्या होगी**

खून देने लोगों की कतार में खड़े एक युवक ने कहा कि हम (लगभग 25 स्वयंसेवक) स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए यहां बालासोर अस्पताल आए हैं। अगर हमारा खून किसी की जान बचा सकता है, तो इससे बढ़कर कोई और खुशी नहीं हो सकती।बता दें कि बहनागा स्टेशन के पास हुए भीषण ट्रेन हादसे में 260 से अधिक लोगों के मारे जाने और 900 से अधिक के घायल होने की पुष्टि हुई है।

सीएम ने भी स्थानीय लोगों की प्रशंसा की

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बालासोर अस्पताल का दौरा किया और घायल यात्रियों से बातचीत की। उन्होंने इतने लोगों की जान बचाने के लिए स्थानीय लोगों और प्रशासन को धन्यवाद दिया।

# मुस्लिम पक्ष को झटका, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की मस्जिद समिति की याचिका



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आज वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में 12 सितंबर, 2022 को वाराणसी अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। वाराणसी जिला अदालत ने पिछले साल दायर सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 की याचिका को खारिज कर दिया था। ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के अंदर पूजा करने के अधिकार की मांग को लेकर वाराणसी कोर्ट में दायर हिंदू उपासकों के मुकदमे की विचारणीयता पर आपत्ति जताते हुए याचिका दायर की गई थी। पिछले साल दिसंबर में जस्टिस जेजे मुनीर की बेंच ने दोनों पक्षों के वकीलों को विस्तार से सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

गौरतलब है कि मस्जिद समिति ने अक्टूबर 2022 में उच्च न्यायालय का रुख किया था, जिसके कुछ दिनों बाद वाराणसी कोर्ट ने उसकी याचिका को खारिज कर दिया था। पांच हिंदू महिलाओं (वादी) द्वारा पूजा की मांग करने वाले मुकदमे की स्थिरता को चुनौती दी गई थी।अपने आदेश में वाराणसी के जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश ने कहा था कि वादी का मुकदमा पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991, वक्फ अधिनियम 1995 और यूपी द्वारा वर्जित नहीं है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अधिनियम, 1983 जैसा कि अंजुमन मस्जिद समिति (जो ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करती है) द्वारा दावा किया जा रहा था।

# हिंदू छात्राओं को पहनाया था हिजाब, बवाल पर हटाया, 'लब पे आती है दुआ बनके' गीत भी बंद




मध्य प्रदेश के दमोह जिले के पोस्टर में हिंदू बालिकाओं के हिजाब वाली तस्वीर में नजर आने पर विवाद में आए स्कूल ने फैसला लिया है कि अब उनके ड्रेस कोड में हिजाब या स्कार्फ नहीं होंगा, साथ ही लब पे आती है दुआ सरीखे गीत भी नहीं गाया जाएगा. पिछले दिनों बोर्ड परीक्षा में सफल रहे छात्र-छात्राओं की तस्वीरों को गंगा जमुना हाई स्कूल ने एक पोस्टर में जारी किया था जिसमें हिंदू छात्राओं को हिजाब जैसा स्कार्फ बांधे दिखाया गया था. उसके बाद से यह मामला लगातार तूल पकड़े हुए है.मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मामले पर गंभीर रुख अपनाते हुए कलेक्टर को मामले की पूरी जांच करने के निर्देश दिए थे. दमोह के गंगा जमुना स्कूल प्रबंधन ने अब ड्रेस से स्कार्फ, हिजाब का बंधन हटाने का निर्णय लिया है. इसके साथ ही लब पे आती है दुआ सरीखा गीत भी नहीं गाया जाएगा. स्कूल में सुबह होने वाली प्रातःकालीन प्रार्थना में अब केवल राष्ट्रगान जन गण मन होगा.

कलेक्टर दमोह ने कहा मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश पर स्कूल मामले में गठित समिति द्वारा जांच जारी रहेगी कि ये सब किन परिस्थितियों में हुआ. दमोह में गंगा जमुना हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित है और पिछले दिनों परीक्षा परिणामों में सफल विद्यार्थियों की तस्वीरों का एक पोस्टर जारी किया गया था, जिसमें हिंदू छात्राएं भी हिजाब जैसा स्कार्फ सिर पर लपेटे नजर आई. उसके बाद से यह मामला गर्माया हुआ है. मुख्यमंत्री चौहान ने भी इस मामले पर गुरुवार को नाराजगी जताई थी साथ ही कलेक्टर दमोह को मामले की पूरी जांच करने के निर्देश दिए थे.

इससे पहले राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के आदेश दिए थे, मगर परिवार की ओर से किसी ने भी शिकायत नहीं की, जिस पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को इस पूरे मामले की जांच करने के कहा. मिली जानकारी के अनुसार जिन हिंदू छात्राओं की तस्वीरें इस पोस्टर पर हिजाब जैसा स्कार्फ बांधे दिख रही है उनमें से एक छात्रा और उसके परिजनों का कहना है कि यह तो विद्यालय की तय ड्रेस का हिस्सा है और कोई भी इस स्कार्फ के बांधने के लिए बाध्य नहीं है. वहीं हिंदू वादी संगठनों से जुड़े लोगों ने हिजाब को लेकर प्रदर्शन किया और स्कूल की मान्यता भी रद्द करने की मांग की.

# हिंदू छात्राओं को पहनाया था हिजाब, शिवराज सरकार ने लिया ऐसा फैसला; बंद होगा स्कूल?




दमोह के एक निजी स्कूल की हिंदू बच्चियों को ड्रेस कोड के नाम पर हिजाब पहनाने के आरोप में मध्य प्रदेश के शिक्षा विभाग ने स्कूल की मान्यता रद्द कर दी है. हिंदू संगठनों की ओर से व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद ये मामला लगातार तूल पकड़ रहा था जिसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जांच का आदेश दिया था. हालांकि स्कूल मैनेजमेंट की ओर से लगातार ये सफाई दी जा रही थी कि स्कूल ड्रेस में हेडस्कार्फ शामिल है ये हिजाब नही है और इसे किसी भी छात्रा को पहनने के लिए मजबूर नहीं किया गया है.

एमपी की शिवराज सरकार ने इस मामले पर बड़ा एक्शन लेते हुए गंगा जमुना हायर सेकेंड्री स्कूल पर ये कार्रवाई की है. इस स्कूल पर मान्यता नियमों का उल्लंघन करने के बाद ये आदेश जारी किया गया है. इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सहायक संभाग (सागर) ने भी आदेश जारी कर दिया है.हिंदू संगठनों ने कलेक्टर ऑफिस के सामने धरना देते हुए स्कूल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की मांग की थी. मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने भी इस मामले पर बयान जारी किया था. इससे पहले गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के आदेश दिए थे, मगर परिवार की ओर से किसी ने भी शिकायत नहीं की थी जिसके बाद उन्होंने जिले के पुलिस अधीक्षक को इस पूरे मामले की जांच करने के कहा था.

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मामले पर गंभीर रुख अपनाते हुए कलेक्टर को मामले की पूरी जांच करने के निर्देश दिए थे. जिसके बाद गंगा जमुना स्कूल मैनेजमेंट ने ड्रेस से स्कार्फ, हिजाब का बंधन हटाने का फैसला लिया है. इसके साथ ही लब पे आती है दुआ जैसे गीत गाए जाने के बजाए स्कूल में सुबह होने वाली प्रातःकालीन प्रार्थना में केवल राष्ट्रगान का पाठ कराने की बात कही गई थी.

दमोह के इस स्कूल का पोस्टर वायरल हुआ था. जिसमें एमपी बोर्ड में टॉप करने वाले बच्चों के नाम और उनकी तस्वीरें छापी गई थीं. इस पोस्टर में जिन बच्चियों के नाम टॉपर्स के रूप में छापे गए थे उन सभी ने हिजाब पहना था. उस पोस्टर में जिन बच्चियों का नाम लिखा था उनमें ज़्यादातर हिंदू छात्राएं थीं. जिसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया था.

## जाको राखे साइयां, मार सके ना कोय.. गोरखपुर की ये घटना किसी चमत्कार से कम नहीं

कभी-कभी ऐसी घटना आंखों से होकर गुजरती है, जिसे देखने के बाद चमत्कार पर विश्वास करने का मन करने लगता है. ऐसे कई चौंका देने वाले वीडियो वायरल हो चुके हैं जिन्हें देखने के बाद आंखों पर यकीन नहीं होता. एक ऐसा ही वीडियो सोशल मीडिय पर लोगों को इन दिनों हैरान कर रहा है. इस वीडियो में एक बच्चे को मौत के मुह से बाहर आते देखा जा सकता है.सोशल मीडिया पर एक वीडियो क्लिप वायरल हो रहा है. जिसमें दिखाया गया है कि एक बच्चे को टक्कर मारकर कार उसके ऊपर से गुजर जाती है. लेकिन वह बच्चा बच जाता है. वीडियो को देखने वाला हर कोई इसे चमत्कार बता रहा है.सीसीटीवी फुटेज से ली गई वीडियो क्लिप में बच्चे को सड़क पर अकेला और आने वाले खतरे से अनजान देखा जा सकता है. अचानक विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने बच्ची को टक्कर मार दी और उसके ऊपर गुजर गई.हालांकि, बच्चा चमत्कारिक रूप से बच जाता है और घटना के तुरंत बाद खुद खड़ा होकर चलता हुआ दिखाई देता है. यह घटना दो दिन पहले गोरखपुर जिले में हुई थी.

# हनुमान मंदिर में बिना 'ड्रेस कोड' के एंट्री नहीं! इस कपड़ों की है सख्त मनाही



उत्तर प्रदेश के शामली जिले में मौजूद एक हनुमान मंदिर में भक्तों के लिए ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है. हनुमान मंदिर की एंट्री गेट पर लगे एक नोटिस में आने वाले श्रद्धालुओं से निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करने की अपील की गई है. नोटिस ते मुताबिक, 'छोटे कपड़े, बरमूडा, हाफ पैंट, नाइट वियर, मिनी स्कर्ट और रिप्ड जींस पहनने वाले लोगों को मंदिर परिसर में एंट्री नहीं दी जाएगी.' इस मामले पर हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी और मंदिर कमेटी के प्रमुख सलिल द्विवेदी का कहना है कि ये फैसला मंदिर में सालों से चली आ रही परंपरा के आधार पर लिया गया है. मुख्य पुजारी सलिल द्विवेदी ने कहा कि लोगों को मंदिरों को पिकनिक स्पॉट मानने से रोकने के लिए ये निर्णय लिया गया है.उन्होंने ये भी कहा कि यह निर्णय बहुत सोच-समझकर लिया गया है. गौरतलब है कि इससे पहले मथुरा, अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं के ड्रेस कोड को लेकर इसी प्रकार के बैन लगाए गए हैं. शामली में मंदिर के प्रवेश द्वार पर लगे नोटिस की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है. लोग अलग-अलग तरह से इस रिएक्शन दे रहे हैं.शामिल के हनुमान मंदिर के बाहर लगे नोटिस पर रिएक्शन देते हुए एक यूजर ने लिखा कि ये फैसला बहुत सही है. लोगों को मंदिर जाते वक्त ध्यान रखना चाहिए कि वो पिकनिक स्पॉट पर नहीं जा रहे हैं. मंदिर जाते वक्त उन्होंने कैसे कपड़े पहने हैं इसका ध्यान रखना चाहिए.वहीं, एक अन्य यूजर ने इसे फ्रीडम से जोड़ दिया. उनका कहना था कि भारत एक आजाद देश है. इसलिए इस तरह की पाबंदियां नहीं लगाई जानी चाहिए. सरकार को इसमें दखल देना चाहिए. कोई किसी के कपड़े पहनने को नहीं तय कर सकता है.

# अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड समारोह में बागपत के विपुल जैन हुए पुरस्कृत

## सामाजिक कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए विपुल जैन को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस नोबेल पीस अवार्ड 2023 से किया गया पुरस्कृत व सम्मानित



नई दिल्ली। डीपीआईएएफ द्वारा इस्लामिक कल्चरल सेंटर नई दिल्ली में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड समारोह में बागपत के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता, नेशनल अवार्डी और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस नोबेल पीस अवार्ड 2023 से पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। विपुल जैन को यह पुरस्कार साम्प्रदायिक सौहार्द व सामाजिक कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने, पत्रकारिता के माध्यम से लोगों को इंसाफ दिलाने और समाज की छुपी हुई प्रतिभाओं को देश व दुनिया के सामने लाने के लिए प्रदान किया गया। विपुल जैन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने दादा नरेन्द्र जैन, पिता सुदर्शन जैन, माता रेनु जैन, गुरूजनों सहित उन सभी समस्त शुभचिंतकों व सहयोगियों को दिया, जिन्होंने उनको नेक कार्यो को करने के लिए जागरूक किया और जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए तन-मन-धन से हर कदम पर उनका साथ दिया। विपुल जैन ने शानदार अवार्ड कार्यक्रम आयोजित करने व देश-विदेश की छुपी हुई प्रतिभाओं को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के लिए जेके ग्रुप ऑफ कम्पनी यूनाइटेड अरब अमीरात यूएई के फाउंडर जितेन्द्र सिंगला, नोबल फयूचर लेन्ड इन्वेस्टमेंट एलएलसी-एनएफएल के फाउंडर आसिफ चौधरी, 5जी इंटरनेशनल व 5जी स्टूडियो के फाउंडर सचिन, डीपीआईएएफ रोटी कपड़ा बैंक, केजे टाकीज ओटीटी प्लेटफार्म एण्ड डीपीआईएएफ एंटरटेनमेंट के कल्याण जी जाना की प्रशंसा की। इस अवसर पर डीपीआईएएफ के नेशनल एडवाईजर व बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजु, डीपीआईएएफ के फाउंडर, चेयरमैन व ट्रस्टी कल्याण जी जाना, डीपीआईएएफ की ग्लोबल प्रेसीडेंट डाक्टर अंकिता जाना, नागालैण्ड राज्य के मुख्य सचिव ज्योति कलश सहित देश व विदेश से राजनैतिक, धार्मिक, शैक्षिक, फिल्म, सिंगिंग, प्रशासनिक, सामाजिक आदि विभिन्न क्षेत्रों से आयी सैकड़ों जानी-मानी हस्तियां उपस्थित थी।

# अवैध तरीके से रह रहे लोगों पर योगी सरकार सख्त, अधिकारियों को दिया ऑर्डर



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राज्य भर में अवैध झुग्गियों में रहने वाले लोगों का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है. सर्वेक्षण में सरकारी आवास के लिए पात्र लोगों की पहचान की जाएगी और शहरी विकास विभाग, विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के समन्वय से किया जाएगा.

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वहां छिपे असामाजिक तत्वों के साथ-साथ सरकारी जमीन पर इन झुग्गियों को बनाने वाले माफिया और सरकारी कर्मचारियों की पहचान के लिए भी अभियान चलाया जाएगा. राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों की जरूरतों का फायदा उठाकर सरकारी जमीन पर अवैध बस्तियां बनाने वाले मास्टरमाइंड की संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई की जानी चाहिए.

उन्होंने कहा कि ऐसे मास्टरमाइंड की संपत्तियों पर ध्यान देने के बाद ऊंची इमारतों का निर्माण किया जाना चाहिए. इस कवायद को लखनऊ में एक पायलट परियोजना के रूप में शुरू किया जाएगा.

लखनऊ में गोमती नदी के किनारे अवैध रूप से रह रहे लोगों की जानकारी विभिन्न विभागों के अधिकारियों को देने को कहा गया है. योगी आदित्यनाथ ने कहा, सर्वे जल्द से जल्द किया जाना चाहिए. जिन लोगों को पहले से ही आवास प्रदान किया गया है, लेकिन वे अभी भी अवैध कब्जे में हैं, उनकी पहचान की जानी चाहिए.

उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार की जानी चाहिए, जिनका लखनऊ या उत्तर प्रदेश से कोई संबंध नहीं है और वे अभी भी यहां अवैध रूप से रह रहे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वे पूरा होने के बाद बेहतर सुविधाएं देने, बाजार और पार्क स्थापित करने और उनके बच्चों के लिए स्कूल की व्यवस्था करने के लिए ऊंची इमारतों का निर्माण किया जाएगा.

उन्होंने अवैध बस्तियां बसाने में माफिया की मदद करने वाले विभागीय कर्मियों की पहचान करने को कहा है. योगी ने इस पहल का नेतृत्व करने के लिए जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि सर्वे निर्धारित समय के भीतर पूरा किया जाना चाहिए, ऐसे लोगों के पुनर्वास के लिए एक पूरी योजना तैयार की जानी चाहिए.

## शर्मनाक वारदात: गाय के साथ एक शख्स ने किया रेप, आरोपी गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक गाय के साथ बलात्कार का मामला सामने आया है. पुलिस ने मंगलवार रात को आरोपी हसन खान को गिरफ्तार किया. यह पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई थी.

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक दुर्ग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शलभ कुमार सिन्हा ने कहा, 'पुलिस ने आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया. मामले में आगे की कार्रवाई कानून के अनुसार की जा रही है.' दुर्ग एसपी ने कहा कि पुलिस ने अलग-अलग टीमों का गठन कर उसकी तलाश शुरू की थी.

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना जामुल थाना क्षेत्र में 24 मई, 2023 को हुई और सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी. उन्होने कहा कि यह तब सामने आई जब घटना की फुटेज वायरल हो गई.

जघन्य कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कई आक्रोशित सदस्यों ने जामुल पुलिस स्टेशन पर जाकर अपराधी को गिरफ्तार करने की मांग की. उन्होंने कार्रवाई करने, आरोपी को गिरफ्तार करने और इस तरह के घिनौने कृत्य में शामिल व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की. जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान दिल्ली के रहने वाले कपड़ा विक्रेता हसन खान के रूप में की है. आरोपी यहां हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहता था.

# मान्यता प्राप्त दोनों यूनियन सिर्फ अपने और अपने पदाधिकारियों के लिए सारी सुविधा ले रहे

उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ की बैठक में विभिन्न विभागो के कर्मचारियो ने केंदीय चिकित्सालय में होने वाली समस्यायों के बारे में अवगत कराया था। आज संघ के स. महामंत्री रूपम पाण्डेय के नेतृत्व में केंद्रीय चिकित्सालय में उद्घोष के साथ जुलूस निकाला गया। 10 सूत्रीय ज्ञापन रूपम पाण्डेय ने डॉ. संजीव हाण्डू चिकित्सा निदेशक केन्द्रीय चिकित्सालय उ.म.रे./प्रयागराज को दिया। ज्ञापन देते समय प्रयागराज एवं मुख्यालय मण्डलों के सभी शाखाओ के पदाधिकारिगण और भारी संख्या में कर्मचारीगण मौजूद रहे। स. महामंत्री रूपम पाण्डेय ने बताया की कई वर्षो से रेलवे चिकित्सालय में मरीजो की बहुत सी समस्याएं चली आ रही है जिस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। दोनों मान्यता प्राप्त यूनियने सिर्फ अपने और अपने पदाधिकारियों के लिए सारी सुविधा, दवा और इलाज़ ले रहे है, बाकी अन्य कर्मचारी/मरीज मौलिक सुविधावों से भी वंचित है। ज्ञापन इस उद्देश्य के साथ दिया गया है की इस पर अतिशीघ्र कार्यवाही की जाएगी।




साथ ही साथ स.महामंत्री रुपम पाण्डेय ने कहा कि उड़ीसा के बालासोर जिले में हुई दुर्भाग्यपूर्ण ह्रदय विदारक रेल दुर्घटना में हुई जान ङ्क माल् की हानि अत्यंत स्तब्ध एवम् दुखी करने वाली है ,ईश्वर से प्रार्थना है कि मृतक आत्माओं को शांति प्रदान करे व शोकाकुल परिवारो को सांत्वना एवम् शक्ति प्रदान करें ,एवम् घायलों को जल्द से जल्द स्वस्थ्य करने की कामना की, संघठन ने सभी मृतक आत्माओं की की शांति के लिए दो मिनट की मौन शांति प्रार्थना की।

ज्ञापन देने में बी. एम. एस विभाग प्रमुख राधे श्याम पांडेय, स.विभाग प्रमुख सुरेश चंद्र फुलवरिया, जिला मंत्री रवि कान्त, केन्द्रीय का. अध्यक्ष ए. के. राय, केन्द्रीय उपाध्यक्ष बृजेश चौहान, मण्डल अध्यक्ष अजय सिंह, मण्डल का. अध्यक्ष प्रहलाद कुमार, मण्डल संगठन मंत्री सभाजीत चौबे, राजकुमार दास, अमरेन्द्र तिवारी, लाला रंजय कुमार अंबष्ठा, आशीष कुमार मिश्र, अंकितेश पाण्डेय, निरंजन कुमार सिंह, राकेश मीना, ओम शुक्ला, नरेश , धर्मेंद्र सिंह, आजाद कुमार शर्मा, संजय कुमार, अभय सिंह, एम.के खरे, मधुश्याम गुप्ता आदि कर्मचारी, कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## स्वर्ण मंदिर के आस-पास 4 बम की अफवाह, पंजाब पुलिस अलर्ट, चार गिरफ्तार

नई दिल्ली। शुक्रवार आधी रात को स्वर्ण मंदिर में हड़कंप मच गया। जब यह सूचना आई की स्वर्ण मंदिर के पास 4 बम हैं। पंजाब पुलिस अलर्ट हो गई। रात भर सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस को बम कहीं नहीं मिले। इस मामले में पंजाब पुलिस ने एक निहंग और 4 बच्चों को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है ये शरारत भी हो सकती है। छह जून को ऑपरेशन ब्लूस्टार की 39वीं बरसी है।

गुरुनगरी अमृतसर में शुक्रवार देर रात उस वक्त हंगामा मच गया। जब पंजाब पुलिस एक पास एक कॉल आई, जिसमें स्वर्ण मंदिर में चार बम होने की सूचना थी। इस सूचना पर पंजाब पुलिस अलर्ट हो गई। और तुरंत बम डिफ्यूज दस्ते के साथ मौके पर पहुंच गई। छानबीन के बाद पुलिस ने फोन करने के आरोप में तीन बच्चों सहित चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया। इसमें एक निहंग को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि रात करीब एक बजे स्वर्ण मंदिर के पास चार बम रखे जाने की सूचना मिली थी।6 जून को ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी होती है। पुलिस अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि नहीं की है।

# हाईकोर्ट के कुंडली जांचने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

### कहा- जानना जरूरी नहीं कि रेप पीड़िता मांगलिक है या नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा बलात्कार के एक मामले में पीड़िता के 'मांगलिक' होने की जांच कराने संबंधी आदेश पर रोक लगा दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रेप पीड़िता की कुंडली जांचने का आदेश दिया था। शीर्ष कोर्ट ने इस मामले पर रोक लगाते हुए कहा कि हाईकोर्ट इसमें केस की मेरिट पर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इसे गैरजरूरी बताया है। अवकाशकालीन बेंच ने शनिवार (3 जून) को हुई विशेष सुनवाई में कहा कहा कि यह जानना जरूरी नहीं कि पीड़िता मांगलिक है या नहीं। दरअसल, शादी का झांसा देकर संबंध बनाने के लिए एक शख्स पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया। आरोपी ने लड़की को मांगलिक बताकर शादी करने से इनकार कर दिया। इस मामले में आरोपी की जमानत याचिका 23 मई को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई के लिए लगी थी। हाईकोर्ट के जस्टिस बृज राज सिंह ने लखनऊ विश्वविद्यालय के एस्ट्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष से रिपोर्ट मांग ली कि लड़की की जन्मकुंडली में मंगल दोष है या नहीं। इसके साथ ही 26 जून को सुनवाई की अगली तारीख तय की थी।सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर स्वतः संज्ञान लेते हुए विशेष सुनवाई की। जस्टिस सुधांशु धुलिया और पंकज मिथल की बेंच विशेष ने सुनवाई के दौरान सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। उन्होंने कहा कि ज्योतिष एक विज्ञान है, लेकिन कोर्ट की सुनवाई में उसकी रिपोर्ट मांगना सही नहीं है। जजों ने कहा कि वह ज्योतिष विद्या पर सवाल नहीं उठा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अदालती मामलों में उसकी कोई भूमिका नहीं है।पीड़िता ने गोविंद राय उर्फ मोनू नामक शख्स पर आरोप लगाया कि उससे शादी का वादा करके संबंध बनाए। बाद में पीड़िता ने जब शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। आरोपी ने दलील दी कि लड़की की कुंडली में मांगलिक दोष है। ऐसे में वह शादी नहीं कर सकता। पीड़िता की तरफ से इस बाबत लखनऊ के चिनहट थाने में 15 जून, 2022 को रेप का केस दर्ज कराया गया, जिसके बाद आरोपी गोविंद को जेल भेज दिया गया था।

## यह कैसा प्रेम जिसका होता है दुखःद अंत

### दिल्ली में मर्डर का खौफनाक मामला

# युवक ने किशोरी पर 40 बार चाकुओं से किया वार, पत्थर से कुचल कर की हत्या

नयी दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में सनसनीखेज वारदात का खुलासा हुआ है। यहां उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में 16 वर्षीय लड़की की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। लड़की पर लड़के ने सरेआम चाकू से 40 बार वार किया है। युवक यहीं नहीं रुका और उसने 40 वार करने के बाद लड़की को पत्थर से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।




पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने कथित तौर पर उसे पत्थर से कुचल कुचल कर मारने से पहले कई बार उस पर चाकू से वार किया। जानकारी के मुताबिक घटना 28 मई की है। मृतक लड़की की उम्र 16 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लड़की शाहबाद डेयरी में जे. जे. कॉलोनी की निवासी थी। वह सड़क पर बदहवास हालत में मिली।

अधिकारी ने बताया कि वह सड़क से गुजर रही थी जब लड़के ने उसे रोका और उस पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और शनिवार को उनके बीच झगड़ा हुआ था। रविवार को लड़की अपनी दोस्त के बेटे के जन्मदिन की पार्टी में जा रही थी जब लड़के ने उसे रास्ते में रोका और उस पर हमला कर दिया।

पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम से ही पुष्टि होगी कि उस पर कितनी बार चाकू से वार किया गया। पुलिस ने बातया कि आरोपी फरार है और उसकी तलाश जारी है। लड़के की पहचान साहिल पुत्र सरफराज के तौर पर हुई है। लड़की के पिता की शिकायत के आधार पर शाहबाद डेयरी थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

बता दें कि इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि सड़क से जा रही लड़की को साहिल लगातार एक के बाद एक वार कर रहा है। इस दौरान आसपास कई लोग निकलते हैं मगर कोई लड़की की मदद नहीं करता और ना ही कोई साहिल को रोकने की कोशिश करता है। साहिल ने लड़की पर कई वार किए और उसे पत्थर से भी कुचल दिया। जानकारी के अनुसार लड़की को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया मगर उसने दम तोड़ दिया।

# मुस्लिम युवाओं को मौलाना शहाबुद्दीन की नसीहत, गैर-मुस्लिम लड़कियों पर कह दी बड़ी बात

देश में बढ़ रहे लव जिहाद के मामलों के बीच ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन ने मुस्लिम युवाओं को नसीहत दी है. उन्होंने कहा कि गैर-मुस्लिम लड़कियों को धोखे से अपने चंगुल में ना फंसाएं. इस्लाम इसकी इजाजत नहीं देता. देश में बढ़ते लव जिहाद और जबरन धर्मपरिवर्तन के मामलों को देखते हुए ऑल इंडिया मुस्लिम जमात ने मुस्लिम युवाओं को बड़ी नसीहत दी है. मौलाना शहाबुद्दीन के इस बयान का और भी कई मौलानाओं और इस्लाम के जानकारों ने समर्थन किया है. हालांकि, लोगों का कहना है कि अब ये देखना होगा कि उनकी बातों का कितना असर होता है.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाल ही में मौलाना शहाबुद्दीन ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के उस बयान का भी समर्थन किया था जिसमें उन्होंने ये कहा था कि इस्लाम की पूजा सिर्फ भारत में सुरक्षित है. इस पर मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा था कि कुछ देशों के मुकाबले भारत में मुसलमान यहां सुरक्षित हैं.

जान लें कि मौलाना शहाबुद्दीन ने मोहन भागवत के बयान को दुरुस्त और उचित बताया. मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि इस प्रकार के बयानों से उन लोगों की हिम्मत पस्त होगी, जो भारत में नफरत और कट्टरता फैलाते हैं. देश को स्वतंत्रता दिलाने में हिंदू-मुसलमान दोनों ने मिलकर अहम भूमिका निभाई थी. इसी वजह से किसी भी संप्रदाय की भागीदारी और भूमिका को कम नहीं आंक सकते. मौलाना शहाबुद्दीन ने ये भी कि भारत के बंटवारे के समय जिन लोगों को यहां से जाना था, वे चले गए. पर जिनको यहां रहना था, वो यहीं के होकर रहे. 1947 की बातें अब गुजरी हुई हो गई हैं. ऐसी पुरानी बातों को बार-बार मुद्दा बनाकर मुसलमानों को टारगेट करना समाज और देश के लिए सही नहीं है. यह भारत देश हमारा है. हमारे पूर्वजों ने इसे अपने खून-पसीने से सींचा है. मुसलमानों को भारत में किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है.




# हम अब तक क्या जानते हैं

### श्रद्धा वॉकर हत्याकांड में पुलिस अब तक क्या जान पायी है और क्या नहीं, अभी भी स्पष्ट नहीं है, इस पर एक नजर



## कहानी

28 वर्षीय आफताब अमीन पूनावाला ने कथित तौर पर अपनी प्रेमिका 27 वर्षीय श्रद्धा वाकर की 18 मई को दक्षिण दिल्ली के छतरपुर पहाड़ी में अपने फ्लैट में हत्या कर दी और उसके शरीर को क्षत-विक्षत कर दिया, और तीन महीने तक अवशेषों को छतरपुर, महरौली और गुरुग्राम के पास जंगली इलाकों में फेंक दिया। अंतरिम अवधि में, उसने हत्या के एक दिन बाद खरीदे गए रेफ्रिजरेटर में शरीर के अंगों को संग्रहीत किया।

## पूनावाला का बयान

पूरा मामला पूनावाला के बयानों पर आधारित है, लेकिन पुलिस उसके धोखेबाज स्वभाव का हवाला देकर अभी भी जांच कर रही है कि वह सच कह रहा है या नहीं। 12 नवंबर को उसकी गिरफ्तारी के कुछ ही घंटों के भीतर, पुलिस ने एक अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसका नार्को परीक्षण कराने की मांग की।

## मोबाइल फोन

पुलिस ने कहा कि पूनावाला ने लोगों को विश्वास दिलाने के लिए अपने मोबाइल फोन पर वॉकर के सोशल मीडिया खातों को कथित रूप से एक्सेस किया।

## बॉडी

पुलिस ने गुरुग्राम के जंगल और छतरपुर के पास एक जंगल से कुछ सड़ी हुई हड्डी के टुकड़े बरामद किए हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि नमूने मानव हैं या नहीं, और उन्हें फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में भेजा गया है, जो यह निर्धारित करेगा कि वे वॉकर के हैं या नहीं।

## हथियार

पूनावाला का दावा है कि उसने शव को काटने के लिए हैकसॉ का इस्तेमाल किया, पुलिस ने उसके फ्लैट से एक आरी बरामद की है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक पुष्टि नहीं की है कि यह वही हथियार है जिसका उसने इस्तेमाल किया था। साथ ही, संदिग्ध ने बताया कि उसने एक से अधिक हथियारों का इस्तेमाल किया। पुलिस उसे उन जगहों पर ले जा रही है जहां से उसने हैकसॉ खरीदा था।



18 अक्टूबर की सुबह 4 बजे अपने फ्लैट के बाहर बैग के साथ पूनावाला का कथित सीसीटीवी फुटेज

## क्या हत्या का कारण बना

पुलिस ने कहा कि युगल, जो 2019 से एक साथ रह रहे थे, कथित तौर पर अपने रिश्ते को लेकर परेशान थे। पूनावाला ने दावा किया है कि 18 मई को उनके मुंबई में रहने और दिल्ली में नहीं रहने के फैसले को लेकर दोनों में लड़ाई हुई थी। यह भी दावा किया था कि वॉकर ने उन्हें इस संदेह पर गालियाँ दीं कि उनका संबंध था।

# सम्मान समारोह व अमरनाथ भण्डारा शिविर का आयोजन



**दिलीप कुमार मिश्रा**

कानपुर। श्री बाबा अमरनाथ सिद्धनाथ अमरनाथ सेवा मंडल के तत्वावधान मे आज सम्मान समारोह व अमरनाथ भंडारे के आयोजन शिविर पर चर्चा का आयोजन किया गया।मंडल के संरक्षक व समाज सेवी बिट्टू महाना व विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष हेमंत सेगर ने शिरकत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा अमरनाथ की फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया।बिट्टू महाना ने कहा कि कानपुर मे शिवरात्रि पर शिव बारात व विशाल फलाहारी भंडारे मे उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरो से लोग भाग लेते है।इस विशाल भंडारे मे लगभग दो लाख लोग सिद्धनाथ बाबा के दर्शन करके प्रसाद ग्रहण करते है।हेमेत सेगर ने कहा कि अमरनाथ मे 1जुलाई से बाबा अमरनाथ की यात्रा का शुभारंभ हो रहा है, जिसमे अमरनाथ मे पहलगांव, बालटाल,शनिदेव मंदिर जम्मू-कश्मीर व नीलगन्थ हैलीपेड के पास शिविर लगता है। कानपुर नगर मे 8 जगह कनेक्शन शिविर का आयोजन लगाया जा रहा है।जिसमे शहर भर से लोग भंडारा इकटठा करके अमरनाथ भिजवाते है।शिवरात्रि पर शिव बारात व विशाल भंडारे मे सहयोग करने वाले को माल्यार्पण व बाबा अमरनाथ की फोटो देकर सम्मानित किया। सम्मानित करने वाले मे प्रमुख रूप से राजकुमार चौरसिया,जितेंद्र यादव,गोविंद चौरसिया,अजय गुप्ता,विवेक, सरवन जायसवाल को सम्मानित किया।पत्रकारिता मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिवाकर पाठक,दिलीप कुमार मिश्रा, गौरव चौरसिया को लेखन और फोटोग्राफरी के लिए हेमंत सेगर व बिट्टू महाना ने विशेष सम्मान से सम्मानित किया।

मंच का संचालन केके श्रीवास्तव ने किया।इस कार्यक्रम मे बाबा श्री बाबा सिद्धनाथ अमरनाथ सेवा मंडल के अजय श्रीवास्तव, राजीव लाम्बा,मनोज जायसवाल, हिमाशू वर्मा, अमित श्रीवास्तव, गोविंद चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन हादसे पर क्षेत्रीय कार्यालय में हुई श्रद्धांजलि सभा

## जिलों के संगठनात्मक कार्यक्रम अगली तिथि पर होंगे आयोजित




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।ओडिशा के बालासोर में हुए भयावह रेल हादसा होने के कारण भारतीय जनता पार्टी द्वारा निर्धारित सभी महा संपर्क अभियान के कार्यक्रम स्थगित रहेंगे।कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने क्षेत्रीय मुख्यालय नौबस्ता में आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे भारतवर्ष के जनता जनार्दन को अपने परिवार की तरह मानती है।इस हादसे में क्षति हुए परिवारों के साथ पूरी भारतीय जनता पार्टी खड़ी है।


श्रीपाल ने श्रद्धांजलि सभा संबोधित करने के पश्चात 2 मिनट का मौन रखते हुए सभी मृत आत्माओं की शांति एवं घायलों को जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की।श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री भारत सरकार आरके सिंह, गुजरात कच्छ के सांसद विनोद चावड़ा, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सांसद सत्यदेव पचौरी, देवेंद्र सिंह भोले, विधायक नीलिमा कटियार, महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, अविनाश सिंह चौहान, सरोज कुरील, पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, पवन प्रताप सिंह, सुनील तिवारी, दिनेश राय, अनूप अवस्थी, सुनील बजाज, दीपू पांडे आदि ने भी 2 मिनट का मौन रखकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अनूप अवस्थी में बताया कि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के जिलों में आयोजित होने वाले सभी संगठनात्मक कार्यक्रम अब अगली तिथि पर आयोजित किए जाएंगे।

**- रेल दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच हो।**

आदर्श लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अली उस्मानी की अध्यक्षता में एक बैठक सिविल लाइन्स कचेहरी कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें मृतकों को श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारों का ईश्वर ऐसे संकट के समय साहस व धैर्य प्रदान करें।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाकिर अली उस्मानी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं देश के रेलमंत्री से मांग की है कि मृतक व्यक्तियों के परिवारों को 20-20 लाख रूपया मुआवजा तथा उनके परिवार से एक व्यक्ति को रेल विभाग में नौकरी दी जाये।उन्होंने आगे कहा कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए तथा दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये।बैठक में प्रमुख रूप से आदर्श लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अली उस्मानी, चौ0 रतिराम यादव, प्रदीप यादव, बटेश्वर कुमार कमलापुरी श्याम सोनकर, रेहान अहमद, सिद्धार्थ बंसल, पंकज अग्रवाल एड0 रियाजुर्ररहमान एड0 लखन सिंह आदि लोग प्रमुख रूप से थे ।

# कानपुर नगर मण्डलायुक्त डॉ0 लोकेश एम0 ने किया कार्यभार ग्रहण



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।नवागत मण्डलायुक्त डॉ0 लोकेश एम0 ने मण्डलायुक्त कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण किया।उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।जनहित के विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसका लाभ मिल सके।जन समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध सुनिश्चित कराया जायेगा।

डॉ0 लोकेश एम 2005 बैच के आई0ए0एस0 हैं जो मूलतः कर्नाटक के निवासी हैं। आई0ए0एस0 में आने के पश्चात जनपद अलीगढ़ में टेनिंग पूर्ण कर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/सहायक कलेक्टर के रूप में सहारनपुर से कार्य शुरू किया, इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज रहे तथा जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर कौशांबी, अमरोहा, गाजीपुर, एटा, कुशीनगर, मैनपुरी में कार्य किया।

05 वर्ष अंतरराज्यीय प्रतिनियुक्ति पर कर्नाटक में अपनी सेवा प्रदान की। वर्तमान में मण्डलायुक्त सहारनपुर के पद पर कार्यरत थे। कमिश्नर के रूप में इनको सहारनपुर के बाद कानपुर मण्डल की सेवा करने का अवसर मिला है।

# चार वाहन सहित दो चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



कानपुर।पनकी पुलिस ने तीन बाइक एक एक्टिवा समेत दो वहां चोरों को गिरफ्तार किया है।पुलिस चोरों से पूछताछ कर जेल भेजने की तैयारी कर रही है।पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो वाहन चोर चोरी की बाइक बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। चोर कल्याणपुर से पनकी की ओर चोरी की बाइक से आ रहे हैं।पुलिस ने घेराबंदी कर आईआईटी कल्याणपुर निवासी अमन गुप्ता, गूबा गार्डन कल्याणपुर निवासी देवांक गुप्ता को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया।थाने लाकर गहनता से पूछताछ करने पर चोरों की निशान देही पर पुलिस ने दो मोटर साइकिल और एक एक्टिवा स्कूटी बरामद की है।पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा लिख कर जेल भेज रही है।गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी विक्रम सिंह, दरोगा सुभाष चंद्र शर्मा, रामललक, हेश्कांश विष्णुपाल सिंह, शिवनाथ सिंह, कांश बलराम सिंह, कुलदीप सिंह मुख्यरूप से रहे।

## मेरी लाइफ योजना के तहत वर्षा जल संचयन पर हुआ प्रशिक्षण

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर द्वारा अनूपपुर गांव में मेरी लाइफ योजना अंतर्गत वर्षा जल संचयन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉक्टर निमिषा अवस्थी ने बताया कि पर्याप्त पानी की कमी या दूषित पानी की खपत मनुष्यों के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती है। इसलिए पानी की मात्रा और गुणवत्ता जो हम उपभोग करते हैं वह हमारे शारीरिक स्वास्थ्य और तंदरुस्ती के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि देश में साल 1994 में पानी की उपलब्धता प्रति व्यक्ति 6 हजार घन मीटर थी।जो साल 2025 तक घटकर 1600 घन मीटर रह जाने की संभावना जताई गई है।इस अवसर पर केंद्र के प्रभारी डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया वर्षा जल का संग्रहण सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए जरूरी है। सतह से बारिश के पानी को इकट्?ठा करना बहुत ही असरदार और पारंपरिक तकनीक है।पहले गांवों, कस्बों और नगरों की सीमा पर या कहीं नीची सतह पर तालाब अवश्य होते थे।जिनमें स्वाभाविक रूप से मानसून की वर्षा का जल एकत्रित हो जाता था। इसके साथ ही अनुपयोगी जल भी तालाब में एकत्र हो जाता था, जिसे मछलियां और मेंढ़क आदि साफ करते रहते थे। यह जल पूरे गांव के पशुओं आदि के काम में आता था।जरूरी है कि गांवों, कस्बों और नगरों में छोटे-बड़े तालाब बनाकर वर्षा जल का संरक्षण किया जाए।

## गंगा टास्क फोर्स ने चलाया प्लास्टिक प्रदूषण जागरूकता अभियान

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने कानपुर छवानी परिषद के अंतर्गत आवासीय परिवारों के साथ प्लास्टिक प्रदूषण जागरूकता अभियान चलाया।इस अवसर पर 45 महिलाएं और 15 बच्चे उपस्थित रहे, तथा गंगा टास्क फोर्स के लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा, सूबेदार समरजीत सिंह और अन्य 10 जवान मौजूद रहे गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल वेदव्रत वैद्य की दिशा निर्देशन पर गंगा सफाई की जागरूकता अभियान घाट स्वच्छता पौधरोपण विगत 5 सालों से चलाया जा रहा है।इस अवसर महिलाओं और बच्चों को बताया कि प्लास्टिक जागरूकता अभियान पर्यावरण को बचाने के लिए एक बड़ी पहल है सभी को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए किया जागरूक और होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी, प्लास्टिक का उपयोग बंद कर के ही हैं हम प्लास्टिक प्रदूषण को कम कर सकते हैं।

## बच्चों ने खेल-खेल में जलाई मोमबत्ती चिंगारी से लगी आग

**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर।गांव रहमपुर निवासी जितेंद्र पुत्र किशन मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते है।बताया कि घर पर बच्चे खेल रहे थे, इस दौरान उन्होंने खेल खेल मे मोमबत्ती जलाई।मोमबत्ती से निकली चिंगारी से घर मे आग लग गई।घर में लगी आग तीव्रता देख पड़ोसियों की भारी भीड़ जमा हो गई, ग्रामीणों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी।जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया है।आग की चपेट मे आने से मजदूर के घर मे रखा गृहस्थी का हजारों का सामान जलकर राख हो गया।सूचना पर पहुंचे लेखपाल आलोक तिवारी ने जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्चधिकारियो को भेज दी है। घाटमपुर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता ने बताया कि जानकारी मिली है। लेखपाल को जांच के लिए भेजा है। रिपोर्ट के आधार पर उचित मुआवजा दिया जायेगा।

# विधायक ने किया ब्लड डोनेशन कैम्प का फीता काट कर शुभारम्भ



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। लोटस हॉस्पिटल लाजपत नगर द्वारा आज रविवार को एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया । कैंप के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र मैथानी, विधायक, गोविंद नगर रहे तथा उन्होंने फीता काट करके इस कैंप का उद्घाटन किया तथा इस कैंप के सम्मानित स्थिति डॉक्टर पंकज गुलाटी, अध्यक्ष आई एम ए अमनदीप सिंह गंभीर, पार्षद, लाजपत नगर अरविंद सिंह, मंडल अध्यक्ष,बीजेपी रवीन्द्र सिंह भदौरिया, विधान सभा संयोजक गोविंद नगर, बीजेपी अजय भदौरिया, सीनियर एडवोकेट थे।

मुख्य अतिथि श्री मैथानी ने इस कैंप के आयोजन के लिए आयोजको को हार्दिक बधाई दी, उन्होंने इस तरह के कैंप के आयोजन की महत्व को बताया कि आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की मां को बेटा/बेटी वापस मिलेगा तथा प्रसूता महिलाओं को रक्त की कमी को पूरा किया जा सकेगा। प्रोग्राम के समानित अतिथि आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉक्टर पंकज गुलाटी ने बताया कि आईएमए कानपुर इस तरह के कैंप शहर में जगह जगह लगाती रहती है और बताया की आईएमए का ब्लड बैंक 24घंटे खुला रहता है, जिसमे जरूरतमंद लोगों को आवश्कता नुशार रक्त उपलब्ध रहता है।तथा अन्य समानित अतिथियों ने आयोजकों को बधाई दी तथा अपनी तरफ से हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया।

लोटस हॉस्पिटल की निदेशक डॉक्टर अर्चना भदौरिया ने इस तरह के रक्तदान के आयोजन के विषय में बताया की आपके एक रक्तदान से 3 लोगों की जान बचाई जा सकती है। नियमित रक्तदान से कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहता है इससे हार्ट अटैक और कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचा जा सकता है।गुर्दा रोगियों को डायलिसिस में रक्त की आवश्कता पड़ती है जिसे इस तरह के कैंप से इसकी पूर्ति की जा सकती है। डॉक्टर भदौरिया ने बताया की लोटस हॉस्पिटल समाज सेवा में हमेश अग्रणी रहा है तथा समय समय पर निशुल्क कैंप का आयोजन करता रहता है जिसे समाज के निर्धन लोगों को भी इसका लाभ मिल सके। रक्त कलेक्शन आईएमए चेरिटेबल ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया गया।इस अवसर पर लोटस हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर आरपीएस भदौरिया, डॉक्टर राजेश अग्रवाल,मेडिकल सुप्रिटेंडेंट इस कैंप के आयोजन में मुकेश यादव, लक्ष्मण, अमित चौहान का विशेष सहयोग रहा।

# घरों से चोरी करने वाला गैंग को पुलिस ने दबोचा

**• एक ही परिवार के महिला समेत चार सदस्य शामिल • बड़ी संख्या में चोरी का माल हुआ बरामद**



कानपुर।पुलिस कमिश्नरेट के साउथ जोन में चोरी की वारदातों को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले शातिर चोर गैंग के पांच सदस्यों को पुलिस ने दबोचा। तीन शातिर अभी पुलिस की पकड़ से दूर है फरार सदस्यों की तलाश में दबिश दी जा रही है।पकड़े गये अभियुक्तों में एक महिला समेत चार अभियुक्त एक ही परिवार के सदस्य हैं। अभियुक्तों के पास से चोरी की अलग-अलग कई घटना का माल बरामद हुआ है।

मई की 26/27 की रात सोबरन सिंह पुत्र प्रताप सिंह निवासी म0नं0 के 12 यशोदा नगर थाना नौबस्ता के घर का ताला तोड़कर की गयी चोरी के अनावरण के लिये अभियुक्तगणों की तलाश में लगभग पाँच किमी0 के दायरे में करीब 50 सीसीटीवी कैमरों से फुटेज प्राप्त की गयी। कई घण्टे सीसीटीवी के डीवीआर से वीडियो फुटेज का अवलोकन करने व काल डीटेल से अभियुक्तगणों के घरों व उनकी पहचान सम्भव हो सकी जिससे गैंग पकड़ने में सफलता मिली।

अभियुक्तगणों की तलाश में जुटी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो संदिग्ध व्यक्ति कही चोरी का सामान बेचने के लिये जा रहे है। सूचना पर अभियुक्तगण संदीप निगम पुत्र राजेश निगम, राजेश निगम पुत्र स्व0 राजकुमार निवासीगण बी 16 राजीव नगर गंगापुर कालोनी थाना बिधनू को गिरफ्तार किया गया। जिनकी निशानदेही पर अभियुक्तगणों के बताये पते पर दबिश दी गयी तो अन्य अभियुक्तगण अंकित निगम पुत्र राजेश निगम निवासी बी 16 राजीव नगर गंगापुर कालोनी थाना बिधनू, वेद प्रकाश शर्मा पुत्र स्व0 मुन्ना लाल निवासी तिर्वा खास थाना तिर्वा कन्नौज हाल पता राजीव नगर गंगापुर कालोनी थाना बिधनू, संध्या निगम पत्नी राजेश निगम निवासी बी 16 राजीव नगर गंगापुर कालोनी थाना बिधनू भी मौके मिले जिनको बी 16 राजीव नगर गंगापुर कालोनी थाना बिधनू से गिरफ्तार किया गया।जिसके सम्बन्ध में स्थानीय थाना पर मुकदमा पंजीकृत है।अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

अपराध करने का तरीका: अभियुक्तगणों ने पूछताछ करने पर बताया कि साहब हम लोग दिन में साइकिल व पैदल आकर घरो की रेकी करते हैं, फिर रात्रि के समय हम लोग साईकिल से जाकर घरों में चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।साईकिल से इसलिये जाते हैं, कि कोई हम लोगों के ऊपर शक न कर सके।

## भारतीय सेना ने बच्चों से कराई चित्रकला प्रतियोगिता

कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने कानपुर के गोला घाट और नाना राव घाट पर 55 एन सी सी कैडेट के साथ में पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल समीर कुमार कोशिक, सुबेदार मेजर सुरेंद्र कुमार एवं एन सी सी कैडेट 111 उपस्थित रहे तथा गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार समरजीत सिंह और अन्य 21 जवान मौजूद रहे गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल वेदव्रत वैद्य की दिशा निर्देशन पर गंगा सफाई की जागरूकता अभियान घाट स्वच्छता पौधरोपण विगत 5 सालों से चलाया जा रहा है।इस अवसर एन सी सी कैडेटों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में मैं बताया, जहां भी संभव हो पेड़ पौधे लगाए हैं और इनका संरक्षण करें, यूज एंड थ्रो की प्रक्रिया को छोड़कर रीसायकल की प्रक्रिया को अपनाया जाना चाहिए, प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग कम से कम करें ।

# लाल बंगला के व्यापारियों ने निकाली जागरूकता रैली



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। चकेरी एसीपी अमरनाथ ने व्यापारी जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी, तो वही जागरूकता रथ का नेतृत्व कर रहे एसीपी अमरनाथ वा चकेरी इंस्पेक्टर रत्नेश सिंह का व्यापारियों ने जगह- जगह पर माल्यार्पण और पुष्प वर्षा कर किया स्वागत।जिसमे लाल बंगाल चौकी इंचार्ज कैलाश बाबू, परवीन चौधरी, बृजेश भाटी व कांस्टेबल बृजेंद्र सिंह कॉन्स्टेबल आर्यन यादव व अन्य पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

व्यापारी नेता बलवीर सिंह ने बताया कि लाल बंगला में चोरी रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें हर दुकानदार से यह अपील की जा रही है, वह अपनी-अपनी दुकान के आगे सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाएं, जिससे चोरी को रोका जा सके। लोहा व्यापारी की हत्या के बाद व्यापारमंडल के पदाधिकारियों ने शनिवार शाम को लाल बंगाल चकेरी चौकी से जागरूकता रथ को निकाल कर लाल बांगला बाजार से होते हुए, हरजेंद्रनगर चौराहे से गुजरता हुआ, केडीए चौराहे के बाद लाल बगला पुलिस चौकी पर हुआ समापन,व्यापारी जागरूकता अभियान में सभी व्यापरियो को अपनी-अपनी दुकानों मे सीसीटीवी कैमरे और गार्ड लगाने की अपील किया।इसी बीच जागरूकता अभियान मे व्यापारी अध्यक्ष बलबीर सिंह समेत अन्य व्यापारी पदाधिकारी ने व्यापारी एकता जिंदाबाद के नारे भी लगाये। इसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष की वलवीर सिंह, अमित गुप्ता,विजय कुमार, शिव प्रताप सोनी,अमित दुआ , मनोज गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## ज्वैलर्स पर चापड़ से जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार, चापड़ बरामद

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।बिधनू थाना क्षेत्र में बीती रात ज्वैलर्स पर लूट के इरादे से चापड़ से हुए हमले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरा आरोपी अभी फरार है। दूसरे फरार लुटेरे की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई हैं।बिधनू थाना क्षेत्र के निवासी दिलीप वर्मा ने देर रात बिधनू थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया की यशोदा नगर स्थित वर्मा ज्वैलर्स नाम से उनकी दुकान है।शनिवार देर शाम दुकान में शीबू गुप्ता आए और उनसे चांदी की प्लेट मांगी तो उन्होंने कीमत 50 हजार रुपये बताई। आरोप है कि युवक ने उनके पास दो सोने की चेन जमा होने की बात कही, बोला उसी से पैसे काट लो। जिस पर ज्वैलर्स ने उससे पैसे मांगे तो युवक ने मारपीट शुरू कर दी।इस दौरान युवक ने व्यापारी पर चापड़ से वार कर दिया।

## दीवार ढही, चार मजदूर दबे, एक की हालत नाजुक

कानपुर।रविवार को कानपुर के जाजमऊ थाना क्षेत्र के बुढ़िया घाट के अलरैबर टेनरी की तेज हवा के चलते दीवार ढह गई। यह टेनरी फकर इकबाल की बताई जा रही है।दीवार ढहने से मलबे में दबकरसलाउद्दीन के बेटे फरहान और रेहान जुड़वा भाई (19) महाराजपुर के रहने वाले अमर चंद्र (48) और हाकिम (15) घायल हो गए।इसमें फरहान, रेहान,अमर चंद्र का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।जबकि हाकिम की हालत नाजुक देखकर डॉक्टरों ने उसे हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2021-2023, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।